जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

कोटा

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

कोटा, रविवार 1 सितम्बर, 2024

(विज्ञापन)

# माफीनामा

**कल के विज्ञापन में "थोथे थानेदार" शब्द को "उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे" जैसी ही एक लोकोक्ति के सन्दर्भ में न लेकर बच्चों के माता-पिता के संदर्भ में लिखे हमारे जज्बातों का अनर्थ निकाले जाने से मन काफी व्यथित है। पुलिस विभाग की भूमिका हमारे समाज में अति महत्वपूर्ण है। जब पुलिस जागती है, तब हम सभी सुरक्षित और चैन की नींद सो पाते हैं। उनके सहयोग से ही हमारा व्यापार और समाज सुचारू रूप से चलता है। हमारा उद्देश्य किसी भी प्रकार से पुलिस विभाग या किसी अन्य जनमानस को ठेस पहुंचाने का नहीं था बल्कि संवेदनात्मक व्यापारिक जागरुकता फैलाना था। यदि पुलिस या किसी अन्य जनमानस को इस विज्ञापन से कोई दुःख पहुंचा है, तो हम सहृदय क्षमाप्रार्थी हैं। हम इस विषय पर विराम लगाते हुए पुनः इसके लिए क्षमा चाहते हैं। हमारा मानना है कि पुलिस विभाग की गरिमा सर्वोपरि है, और हम ऐसा कोई व्यापार नहीं चाहते जिससे उनकी प्रतिष्ठा पर किसी भी प्रकार की आँच आए। इसीलिए, हमने इस विषय को विज्ञापन में सबसे प्रमुख स्थान पर रखा है, ताकि हमारा संदेश स्पष्ट हो और किसी तरह का गलत अर्थ न निकाला जाए।**

आजकल लोग प्रीमियम लोकेशन के चक्कर में महंगे से महंगे घर खरीद रहे हैं लेकिन जब बात आती है बच्चों के खेलने और उनके संपूर्ण विकास की, तो यह घर एक कंक्रीट के जंगल के अलावा कुछ नहीं है। न आउटडोर गेम्स, न क्लब हाउस, न स्पोर्ट्स एमेनिटीज और न ही जरूरी सुविधाएं—नतीजा? बच्चे मोबाइल, टैबलेट या लैपटॉप पर ही गेम्स खेलकर अपना बचपन बर्बाद कर रहे हैं। इस डिजिटल दुनिया का असर इतना गहरा हो गया है कि कई बच्चे बिना स्क्रीन देखे खाना तक नहीं खाते, और उनकी माताएँ उन्हें वीडियो दिखाकर खाना खिलाने को मजबूर हैं।

कभी हृष्ट-पुष्ट होने वाले भारतीय बच्चे आज शारीरिक रूप से कमजोर और मानसिक रूप से विकृत हो रहे हैं। यह दुखद है कि शहर की प्रीमियम लोकेशन में रहने और नामी स्कूलों में पढ़ने के बावजूद, वे सम्पूर्ण विकास से वंचित हैं।

आजकल अधिकतर बच्चे लगभग 5-10 साल की कच्ची उम्र में अनजाने में अपनी आँखें फोड़कर ज़िन्दगी भर के लिए चश्मे का गिफ्ट ले लेते हैं, जिसके जिम्मेदार इनोसेंट बच्चे नहीं बल्कि उनके माता-पिता हैं, जिन्होने बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास की ज़रूरत समझे बिना सिर्फ अपने स्टेटस के लिए या अपनी सुविधा के लिए सिर्फ प्राइम लोकेशन के चक्कर में बिना किसी आउटडोर गेम्स या स्पोर्ट्स एमेनिटीज वाला कंक्रीट का घर लिया था, क्या भरे ट्रैफिक की चिल्ल-पौं में प्राइम लोकेशन पर घर खरीदकर आपको गिनीज बुक में नाम लिखवाना था?

केडिया सेजस्थान में 60 शानदार सुविधाओं में से 40 सुविधाएं खासतौर पर बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए हैं। यहां आपको वो सब कुछ मिलेगा जो आपके बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए जरूरी है—आउटडोर गेम्स, इंडोर गेम्स, और स्पोर्ट्स सुविधाएं। क्योंकि हम कंक्रीट के जंगल वाला घर नहीं बल्कि एक वाइब्रेंट लाइफस्टाइल बेचते हैं।

## AMAZING SETUP FOR KIDS AT KEDIA SEZASTHAN

### SPORTS AMENITIES

- BASKET BALL COURT • BADMINTON COURT • SKATING RINK • LAWN TENNIS COURT
- MINI GOLF • CRICKET PRACTICE NET • BOX CRICKET • JOGGING LOOP • CYCLING TRACK

### OUTDOOR AMENITIES

- RASHI GARDEN • OPEN AIR THEATRE • WETLAND PARK • KID'S PLAY AREA • SANDPIT
- OPEN GYM • LAP POOL • KID'S POOL • ROOF TOP WALK • MULTI PURPOSE LAWN
- MEDITATION ZONE • VOCATIONAL WORKSHOP SPACE • SENSORY WALK • NATURE TRAIL
- SAVANNA ELEVATED TRAIL • PICNIC POINTS • ADVENTURE PLAY AREA

### INDOOR AMENITIES

- TUITION ROOM • LIBRARY • ART AREA • KID'S WORKSHOP AND PLAY AREA
- DISNEY THEME GAME ROOM • CONFERENCE ROOM • GYMNASIUM • YOGA AREA
- CARD AREA • CHESS AREA • CARROM AREA • TABLE TENNIS • BILLIARDS



KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

## बड़ी-बड़ी कोठी
## बड़े-बड़े फ्लैट

KEDIA®

1800-120-2323

78770-72737

info@kedia.com

www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in

RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
- LOCATION
- ROUTE MAP
- SITE 360 TOUR
- E-BROCHURE
- WALKTHROUGH

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

मनस्वी पुरुष पर्वत के समान ऊँचे और समुद्र के समान गंभीर होते हैं। उनका पार पाना कठिन है। –माघ

# हिमाचल की गोद में एक रोमांचक यात्रा

हिमालय की दुर्गम चोटियों और बर्फीली घाटियों की ओर जाने का विचार ही हमें उत्साह से भर देता है। इस बार, मैंने और मेरी पत्नी पुष्पा पाण्डेय ने हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति की यात्रा का फैसला किया। हमारे साथ इस यात्रा में हमारा बेटा पुष्प दीप पाण्डेय भी था, जो अपनी मोटरसाइकिल पर 2200 किलोमीटर की साहसिक यात्रा पर निकला। इस यात्रा में न केवल हिमालय की अद्वितीय सुंदरता को देखने का अवसर था, बल्कि इस क्षेत्र के अनूठे पर्यावरणीय, सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं से भी रूबरू होना था।

जैसे ही हम शिमला की ठंडी हवा और देवदार के पेड़ों के बीच से गुज़रे, मन में रोमांच की एक लहर सी दौड़ गई। शिमला का घना जंगल, जिसमें देवदार, ओक और चीड़ के पेड़ होते हैं, यहाँ के वातावरण को शीतलता और हरियाली से भर देता है। लेकिन जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते गए, इस हरियाली का स्वरूप धीरे-धीरे बदलने लगा। देवदार और ओक के पेड़ों की जगह फर और चीड़ के पेड़ों ने ले ली। यह परिवर्तन ऊँचाई का संकेत था, जहाँ जीवन की परिस्थितियाँ और भी कठिन हो जाती हैं।

शिमला से आगे बढ़ते हुए, करीब 100 किलोमीटर के बाद हमें सेब के बागान दिखाई देने लगे। ये बागान हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार हैं। लेकिन इन बागानों के बीच भी हमें यह महसूस हुआ कि जलवायु परिवर्तन के कारण यहाँ के किसान मुश्किल दौर से गुज़र रहे हैं। सेब की खेती में चुनौतियाँ बढ़ती जा रही हैं, फिर भी किसानों का आत्मविश्वास और उनकी मेहनत हमें प्रेरित करती रही।

जैसे ही हम पूह की ओर बढ़े, सेब के बागानों ने हमें अपनी सुंदरता से मंत्रमुग्ध कर दिया। पिछली यात्रा में हमने देखा था कि हर पेड़ सेबों से लदा हुआ है, और उनकी लालिमा सूरज की किरणों में चमक रही है। यहाँ के किसान हमें बताते हैं कि हिमाचल प्रदेश भारत के कुल सेब उत्पादन का लगभग 30 प्रतिशत योगदान देता है। लेकिन बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने फसल की गुणवत्ता को प्रभावित किया है। इस बार की यात्रा में हमने फूलों से लदे सेव के बागान देखे। मज़ा आ गया।

किसानों ने हाई-डेंसिटीप्लांटेशन और ड्रिपइरिगेशन जैसी तकनीकों का उपयोग कर उत्पादन में सुधार किया है। जब हमने इन किसानों से बात की, तो उनकी चुनौतियों और उनके प्रयासों को सुनकर हम समझ पाए कि इस लाल सोना को उगाने में कितनी मेहनत और धैर्य लगता है। लेकिन इस बीच, बादलों ने आसमान को घेर लिया और अचानक बारिश शुरू हो गई, जिसने हमारी यात्रा को और भी रोमांचक बना दिया।

पूह में रुककर हमने हिमाचल के स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लिया। थुकपा (नूडलसूप) की गर्माहट और मोमोज़ का अनोखा स्वाद ठंडी हवा में बहुत सुकूनदेह था। साथ ही, हमें चंग (तिब्बती बीयर) का स्वाद भी मिला, जो यहाँ की ठंडी जलवायु में शरीर को गर्म रखने का एक पारंपरिक तरीका है।

हमारी यात्रा का सबसे रोमांचक हिस्सा तब शुरू हुआ, जब हम लाहौल और स्पीति घाटियों में प्रवेश करने लगे। चंद्रा और भागा नदियों का साथ हमें उनके बहाव की शक्ति और सुंदरता से रूबरू कराता रहा। चंद्रा और भागा नदियाँ तांदी में मिलकर चंद्रभागा (चेनाब) नदी का निर्माण करती हैं, जो आगे जम्मू और कश्मीर की ओर बहती है। इन नदियों का प्रवाह उन कठिनाइयों का प्रतीक था, जिनका सामना यहाँ के लोग हर दिन करते हैं।

स्पीति नदी, जो इस क्षेत्र की जीवनरेखा है, अपनी शांत धारा के साथ बहती हुई स्पीति घाटी को सींचती है। लेकिन इन नदियों का पानी भी जलवायु परिवर्तन के कारण प्रभावित हो रहा है। ग्लेशियरों के पिघलने की दर में वृद्धि और बर्फबारी में कमी ने इन नदियों के प्रवाह को कम कर दिया है, जिससे यहाँ के लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

काजा की ओर बढ़ते हुए, रास्ते में अचानक से मौसम बिगड़ गया। बादलों ने घेर लिया और बारिश के साथ बर्फबारी भी शुरू हो गई। रास्ते में ढलान से गिरते पत्थरों ने हमारे दिल की धड़कनें तेज कर दीं। लेकिन हम रुकने वाले नहीं थे। जैसे ही हम काजा पहुँचे, वहाँ का शांत वातावरण और आध्यात्मिकता ने हमारे मन को शांति दी।

**हिमालय की गोद में बिताए गए ये पल हमें यह सिखाते हैं कि जीवन का हर पहलू-चाहे वह प्रकृति हो, समाज हो या अर्थव्यवस्था-संतुलन पर आधारित है। और यह संतुलन ही हमें एक स्थायी और समृद्ध भविष्य की ओर ले जा सकता है। जैसे ही हम शिमला की ठंडी हवा और देवदार के पेड़ों के बीच से गुज़रे, मन में रोमांच की एक लहर सी दौड़ गई। शिमला का घना जंगल, जिसमें देवदार, ओक और चीड़ के पेड़ होते हैं, यहाँ के वातावरण को शीतलता और हरियाली से भर देता है।**

काजा में स्थित के मठ की ऊँची चट्टान पर स्थित भव्य संरचना देखी। यह मठ तिब्बती बौद्ध धर्म का प्रमुख केंद्र है, जो एक हजार साल से अधिक पुराना है और यहाँ की संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। हमने यहाँ के बाजारों में स्थानीय हस्तशिल्प, ऊनी वस्त्र, और तिब्बती कला के नमूने देखे, जो यहाँ की सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाते हैं।

हमारी यात्रा के दौरान हमें लोसर, यानी तिब्बती नववर्ष के उत्सव के अनुभव भी सुनने को मिले। हमें बताया गया कि गाँवों में एक अद्भुत ऊर्जा और उत्साह का संचार हो जाता है। लोग पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे, मठों में प्रार्थना करने जाते हैं। नाच-गाने और पारंपरिक संगीत के साथ,यह उत्सव हमारी यात्रा को और भी जीवंत बनाता है। लोसर के दौरान लोगों की आस्था और उनके धार्मिक अनुष्ठानों को देखना ऐसा अनुभव होता है, जो आत्मा को गहराई से छू लेता है। इसे अगली बार देखेंगे।

काजा से आगे बढ़ते हुए, हमने नाको का रुख किया। यह छोटा सा गाँव, जिसकी झील समुद्र तल से 3,662 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है, हमें एक अलग ही दुनिया में ले आया। नाको झील का पानी इतना साफ और शांत था कि उसमें आकाश का पूरा प्रतिबिंब देखा जा सकता था।

यहाँ का वातावरण इतना शांत और पवित्र था कि हमने कुछ समय यहाँ की शांति का आनंद लेते हुए बिताया। लेकिन इस क्षेत्र में भू-स्खलन और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियाँ भी हैं, जिनसे इस प्राकृतिक धरोहर को खतरा हो सकता है। नाको की इस यात्रा ने हमें हिमाचल प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता का गहरा अनुभव कराया, लेकिन साथ ही इन स्थानों के संरक्षण की आवश्यकता का भी एहसास दिलाया।

लाहौल और स्पीति के इस कोल्डडेजर्ट क्षेत्र में स्थित पिनवैली नेशनल पार्क एक और प्रमुख आकर्षण है। यह नेशनल पार्क 675 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है और यहाँ की वनस्पति और जैव-विविधता के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ के वन्यजीवों में स्नोलेपर्ड (हिम तेंदुआ), साईबेरियनआईबेक्स, तिब्बती वुल्फ और हिमालयीमार्मोट प्रमुख हैं।

पिनवैली में यात्रा करते समय हमें इस क्षेत्र की अनूठी वनस्पति भी देखने को मिली। यहाँ की वनस्पति में सीबक्कथोर्न प्रमुख है, जो इस क्षेत्र की कठोर परिस्थितियों में जीवित रहती है। इस पौधे के फल विटामिन सी से भरपूर होते हैं और इसका उपयोग औषधीय उत्पादों और स्वास्थ्य वर्धक पेय बनाने में किया जाता है। यहाँ के लोग इसे लेह बेरी के नाम से जानते हैं और इसका उपयोग पारंपरिक चिकित्सा में भी करते हैं।

नाको की यात्रा के दौरान हमें कई छोटे और बड़े झरनों का भी अनुभव हुआ, जो हिमालय के हृदय से निकलते हैं और इस क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को और भी बढ़ा देते हैं। इन झरनों का पानी बर्फ की तरह ठंडा था, जो सीधे हिमालय की बर्फ से पिघलकर आता है।

इन झरनों के बीच, हम चांगो झरना पहुँचे, जो नाको के निकट स्थित है। यह झरना न केवल पर्यटकों के लिए एक आकर्षण का केंद्र है, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए जल का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत भी है। लेकिन यह भी ध्यान देने योग्य है कि इन झरनों का प्रवाह भी जलवायु परिवर्तन के कारण प्रभावित हो रहा है, जिससे इस क्षेत्र के जल स्त्रोतों पर दबाव बढ़ता जा रहा है।

पिनवैली में रात गुज़ारना एक और अद्भुत अनुभव था। हिमालय की ऊँचाइयों पर, ठंडी रात में जब आसमान तारों से भरा हुआ था, हमने एक अद्वितीय शांति का अनुभव किया। यहाँ की रातें इतनी शांत होती हैं कि बस प्रकृति की हल्की आवाज़ें ही सुनाई देती हैं। हम सभी ने ठंडी रात में आग जलाकर गरमागरम चाय पी और आसमान में बिखरे तारों को निहारते हुए इस बात का एहसास किया कि हम कितने भाग्यशाली हैं, जो इस अद्वितीय स्थान पर हैं।

इस यात्रा के दौरान हमें कुछ चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा। जैसे कि अचानक मौसम का बदलना और सड़कों की खराब हालत। ऊँचाई के कारण साँस लेने में भी कभी-कभी परेशानी होती थी। एक बार, ढलान से गिरते पत्थरों के कारण हमें कुछ समय के लिए रुकना पड़ा। लेकिन इन सभी चुनौतियों ने हमें यह सिखाया कि हिमालय की यात्रा केवल एक पर्यटन यात्रा नहीं होती, बल्कि यह एक जीवन का पाठ भी है, जहाँ हर कदम पर आपको अपनी धैर्य और संकल्प की परीक्षा देनी होती है।

पूह, काजा, और नाको जैसे इलाकों में पर्यटन बढ़ रहा है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को तो फायदा हो रहा है, लेकिन पर्यावरण पर इसका नकारात्मक प्रभाव भी पड़ रहा है। 2018 में, हिमाचल प्रदेश में पर्यटकों की संख्या 1.7 करोड़ तक पहुँच गई थी, जो राज्य की आबादी से अधिक है।

पर्यटन से होने वाले लाभों के साथ-साथ इसके नकारात्मक प्रभावों का भी ध्यान रखना आवश्यक है। अधिक पर्यटकों के आने से कचरे की समस्या बढ़ रही है, और स्थानीय संसाधनों पर दबाव भी बढ़ रहा है। इसके अलावा, इन इलाकों में हो रहे निर्माण कार्य और सड़क विस्तार भी पर्यावरण के लिए एक चुनौती बने हुए हैं। हमारी इस यात्रा का अंत हुआ। हमने अपने घर की ओर रुख किया। यह यात्रा न केवल हिमाचल प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता को देखने का अवसर थी, बल्कि एक ऐसा अनुभव भी थी, जिसने हमें इस क्षेत्र के पर्यावरणीय, सामाजिक, और आर्थिक पहलुओं से गहराई से परिचित कराया। हिमालय की गोद में बिताए गए ये पल हमें यह सिखाते हैं कि जीवन का हर पहलू-चाहे वह प्रकृति हो, समाज हो या अर्थव्यवस्था-संतुलन पर आधारित है। और यह संतुलन ही हमें एक स्थायी और समृद्ध भविष्य की ओर ले जा सकता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त; वर्तमान में अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# सरकार स्वयं अतिक्रमण में लिप्त; राजकीय भूमि का संरक्षण कैसे होगा



सुचित्रा आर्य

आबादी क्षेत्र विस्तार आज के समय की प्राथमिक आवश्यकता है लेकिन सरकारें इतने संवेदनशील मुद्दे पर उदासीन है। वहीं राजनैतिक दलों को जमीन आवंटन को लेकर सरकारों में जबरदस्त स्फूर्ति देखने को मिलेगी। आज़ादी के बाद जनसंख्या 4 गुना बढ़ी है लेकिन अधिकांश ग्राम पंचायतों का आबादी क्षेत्र यथावत पड़ा है अपवाद स्वरूप आंशिक क्षेत्र को छोड़कर आबादी विस्तार नगण्य ही है। आवासीय भूमि की अनुपलब्धता अतिक्रमण को बढ़ावा देती है।

ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिहीन परिवारों के पास राजकीय भूमि के अतिक्रमण के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प ही नहीं है। वे स्थाई आवासीय पट्टे नहीं होने के चलते सरकार की योजनाओं से भी वंचित रहते हैं। उन्हें दोहरी मार पड़ रही है; अभावग्रस्त जीवन में अभाव ही अभाव।

अतिक्रमण को लेकर जो विगत कार्यवाही हुई है वो अव्यवहारिक, अस्पष्ट थी! उनमें बड़ा लक्ष्य एवं दृष्टीकोण नजर नहीं आएगा। अधिकांश कार्यवाहियों में कोर्ट आदेशों की पालना कर प्रशासनिक राहत पाने तक ही सीमित थी। सरकार का स्वभाविक दायित्व भी बनता है कि वह राजकीय भूमि को संरक्षण प्रदान करे लेकिन सरकार स्वयं ही अतिक्रमण करें तो वो किस मुँह से राजकीय भूमि के संरक्षण का दावा कर सकती है?

आज की तारीख़ में यदि कब्जे शुदा भूमि का भौतिक सत्यापन होगा तो तक़रीबन 20 प्रतिशत भूमि ऐसी निकलेगी जहाँ सरकार के स्वयं का अतिक्रमण है। अधिकांश ग्राम पंचायतों के राजकीय संस्थान जैसे अस्पताल, विद्यालय, सहकारी समिति कार्यालय, नंदीशाला इत्यादि। जैसे संस्थान गोचर, जोड़ पायतन पर अतिक्रमण शुदा मिलेंगे। बिना भौतिक सत्यापन के जनता के टैक्स के पैसे से राजकीय भवनों को विधि विरुद्ध अनाधिकृत जमीन पर खड़ा कर दिया जिनका भविष्य अंधकार मय है! विडंबना देखिए सरकार के पास लैंड रिकॉर्ड, भरपूर मानवीय संसाधन, मशीनरी है इसके बावजूद इतने बड़े पैमाने पर अनाधिकृत भवन खड़े कर दिए। क्या सरकारों का ये कृत्य गैर कानूनी नहीं है? जब सरकारे ही ग़ैर कानूनी कार्य को अंजाम दे रही है तो कानून की पालना का आम आदमी पर विपरीत प्रभाव ही पड़ेगा। विगत वर्षों का अध्ययन करेंगे तो पायेंगे अतिक्रमण की अधिकांश कार्यवाही रास्ते और मार्ग अवरुद्ध सबंधी ही की गई है जो कि आमजन के आवागमन को सुचारू और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए अति आवश्यक भी है। आवासीय अतिक्रमण के मामले प्रत्येक ग्राम पंचायत में मिलेंगे जहां कुछ जगह पंचायत की भूमि पर अतिक्रमण है, कुछ जगह गोचर भूमि है, कुछ जगह वन भूमि हैं (जिनमे सबसे सर्वाधिक पेचीदगिया है) मामलों के तह तक जाएँगे तो पाएंगे कि यही वन भूमि 1998-99 से पूर्व ग्राम पंचायत की या गोचर/ओरण भूमि थी लेकिन तत्कालीन सरकार ने प्रारम्भिक तौर पर ये मानते हुवे कि ग्राम पंचायत की जमीन को अस्थाई रूप से वन विभाग के अधीन कर दिया था कि जोड़पायतन, गोचर, सिवायचक के डवलपमेंट पर ग्राम पंचायतें ध्यान नहीं दे रही है जिसके चलते एक बड़ी भूमि बंजर और विरान पड़ी है। हालांकि ये कार्य बिना भौतिक सत्यापन हुआ जिसके चलते अधिकांश ग्राम पंचायतों का कुछ हिस्सा जिस पर लोगों की पहले से बसावट थी वो हिस्सा भी वन विभाग के अधीन हो गया जिसे प्रशासनिक लापरवाही कहे तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। जिसका खामियाज़ा आज लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

इसके अलावा बसावट के अतिरिक्त वृक्षारोपण और डवलपमेंट की जिस मंशा से वन विभाग के अधीन किया गया था वो ज़मीन आज 25-30 वर्ष गुजरने के बाद भी बंजर और विरान पड़ी है। सरकार को ऐसी ज़मीन को चिन्हित करना चाहिए जहाँ आबादी पहले बसी बाद में वन भूमि में रूपांतरित किया गया था क्योंकी अधिकांश घर टूटने के मसले भी इसी से सबंधित निकलेंगे। इन मसलों के समाधान के लिए वैकल्पिक रास्ते तलाशने होंगे जैसे वैकल्पिक राजकीय भूमि को रूपांतरित करके कुछ निश्चित मानक तय करके आबादी भूमि का विस्तार करते हुवे यथा सम्भव लोगों के घरों को टूटने से बचाया जा सकता है। व्यवसायिक अतिक्रमण भी बड़ी चुनौती है राजनैतिक संरक्षण की पनाह में बेतहाशा बढ़ा है; जो कि सरकारी संपति का दुरुपयोग है। सरकार स्वयं अतिक्रमण में लिप्त है तो ऐसे में राजकीय भूमि का संरक्षण कैसे होगा?

सरकार को राजकीय भूमि के संरक्षण के लिए प्रदेशव्यापी भौतिक सत्यापन करना चाहिए जिसमें ये चिन्हित करे कि अतिक्रमण किस श्रेणी का है। अतिक्रमण रिहायशी है, व्यवसायिक है या सरकारी है या फिर रास्ते अवरुद्ध अतिक्रमण है। इसे अलग अलग चिन्हित करने से राजकीय भूमि को संरक्षण प्रदान करने में मदद मिल सकेगी। आबादी भूमि विस्तार नीति की भी आवश्यकता है जिसमें निश्चित मानक स्थापित करके जनसंख्या के अनुपात में आबादी क्षेत्र का विस्तार हो जिसमें आमजन की आर्थिक स्थिति के अनुपात में भी आवासीय सुरक्षा एवं सुनिश्चता परिलक्षित हो।

**–सुचित्रा आर्य,**
**( पूर्व विधायक )**

# मालपुरा में बेसकीमती जमीनों को पालिका सफाई ठेकेदार ने डम्पिंग यार्ड बनाया

## सफाई ठेकेदार द्वारा कचरे की आड़ में भूमाफियाओं को पनपाने का प्रयास किया जा रहा है

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा शहर से रोजाना बड़ी तादात में एकत्रित किये जा रहे सूखे व गीले कचरे को एकत्रित कर सफाई ठेकेदार द्वारा पालिका के अधिकृत डम्पिंग यार्ड में डालने के बजाय शहर की प्रमुख सड़कों के किनारे रिक्त पड़ी करोड़ों रूपयों की बेसकीमती जमीनों पर कचरे के ढेर लगाने से शहर का सौन्दर्यकरण तो बदरंग हो ही रहा है साथ ही कचरे की आड़ में भूमाफियाओं को पनपाने का प्रयास किया जा रहा है।

शहर के 35 वार्डों से प्रतिदिन दर्जनों ऑटोकीपर व ट्रैक्टरों के माध्यम से कचरा संग्रह कर टोडारोड के पास कल्याणपुरा रोड पर पालिका की तकरीबन 20 बीघा जमीन पर आरक्षित डम्पिंग यार्ड में कचरा डालने का प्रावधान है, लेकिन सफाई ठेकेदार निश्चित स्थान पर कचरे को डालने के बजाय भूमाफियाओं से मिलकर मुख्य सड़क किनारे कचरे के ढेर लगा गड्डों में तब्दील जमीन का समतलीकरण करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सूत्रों की माने तो ऑटोकीपर व ट्रैक्टरों में डीजल की खपत उतनी ही दर्शाई जा रही है जितनी कल्याणपुरा रोड पर डम्पिंग यार्ड तक के वाहनों के फेरों में लगता है। सफाई ठेकेदार व वाहन चालक एक तीर से दो शिकार कर रहा है। राजकोष से प्रतिमाह वाहनों में डीजल के नाम पर लाखों रूपयों का खर्च दर्शाया जा रहा है।



**मालपुरा शहर के अजमेर रोड पर मुख्य सड़क किनारे करोड़ों रूपये की बेसकिमती जमीन पर कचरा डाला जा रहा है।**

- **पालिका की तकरीबन 20 बीघा जमीन पर आरक्षित डम्पिंग यार्ड में कचरा डालने का प्रावधान है**
- **कचरे के ढेर से उठती दुर्गन्ध से राहगीरों का निकलना भी मुश्किल हो रहा है**

अजमेर रोड पर मुख्य सड़क किनारे बड़े भाग में रिक्त पड़ी करोड़ों की जमीन पर डाले जा रहे कचरे के ढेर अब सड़क पर फैल गये है, जिनसे उठती दुर्गन्ध से राहगीरों का निकलना भी मुश्किल हो रहा है। कई भूमाफिया इस जमीन पर अपनी गतिविधियां शुरू कर रहे हैं। कमोबेस यही हाल घाटी रोड, केकडी रोड, गुर्जर छात्रावास के पास, सरकारी अस्पताल के पिछवाड़े का है, जहां भी सरकारी जमीन पर अनाधिकृत रूप से कचरा डालकर शहर का सौन्दर्य बिगाड़ा जा रहा है। इन कचरे के ढेरों की आड़ में भूमाफिया अपने नापाक मनसुबों को अंजाम दे रहे हैं। पालिका में पिछले आठ महीनों से स्थाई ईओ पदस्थापित नहीं होने तथा अन्य पदों पर भी जिम्मेदार अधिकारियों की नियुक्ति नहीं होने के चलते शहर की व्यवस्थाएं चरमरा रही है। वहीं शहर में सरकारी जमीनों पर अंधाधुंध कब्जे व निर्माण की भी गतिविधियां चल रही है।

# कार्यशाला में ट्रांसजेंडर को नए कानूनों की जानकारी दी

**अजमेर, (कासं)।** ट्रांसजेंडर के अधिकारों पर शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में अजमेर रेंज के पुलिस अधिकारी, थाना अधिकारी और ट्रांसजेंडर नोडल ऑफिसर सहित अजमेर के ट्रांसजेंडरों ने भाग लिया।

- **ट्रांसजेंडर के अधिकारों पर कार्यशाला का आयोजन**

एसपी देवेंद्र कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस में आयोजित ट्रांसजेंडर कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय को समान अधिकार प्रदान करना और भेदभाव को समाप्त करने के लिए नए नियम और कानूनों की जानकारी प्रदान करना रहा। एसपी ने बताया कि कार्यशाला में अधिकारियों को ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाने और उन्हें मौजूदा कानूनी प्रावधानों से अवगत कराने पर बल दिया गया। एसपी विश्नोई ने कहा कि इस पहल से समाज में समानता और न्याय सुनिश्चित करने के प्रयास को और मजबूती मिलेगी। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों ने सरकार के स्तर पर किए जा रहे प्रयास, इनके लिए सरकार की योजनाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। ट्रांसजेंडर बच्चों की पढ़ाई पर चर्चा की गई। नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग सिंह राजपुरोहित ने बताया कि सरकार की ओर से उन्हें ओबीसी का दर्जा दिया है। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूली शिक्षा प्रदान करें, ताकि बड़े होकर वह भी समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें।

**ट्रांसजेंडर से किया संवाद :-** कार्यशाला के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ट्रांसजेंडर से संवाद भी किया। उनकी समस्याओं को सुना गया। ट्रांसजेंडर ने बताया कि समाज में कई तरह के लोग हैं, कोई उन्हें गलत नजर से देखता है और भद्दे कमेंट्स करते हैं, लेकिन कई ऐसे भी लोग हैं जो उन्हें सम्मान देते हैं। ट्रांसजेंडर ने कहा कि समाज में परिवारों को समझना होगा कि यदि उनके घर में कोई ट्रांसजेंडर बच्चा है तो उसे समाज से छुपाकर नहीं रखें। उनके पास ऐसे बच्चे 14 से 15 साल की उम्र में आते हैं, ऐसे में उनकी शिक्षा प्रभावित होती है।

# आवारा श्वानों के आतंक से लोग परेशान

**पाटन, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत रायपुर-पाटन में आवारा कुत्तों के आतंक से परेशान ग्रामीण शनिवार को मुख्य बाजार बंद कर सड़क पर धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे ग्रामीण प्रशासन से आवारा कुत्तों से निजात दिलाने की मांग करने लगे। ग्रामीणों का कहना है गांव में आवारा कुत्तों का बहुत ज्यादा आतंक है। आए दिन आवारा कुत्ते लोगों को काटते रहते हैं। कुछ दिन पूर्व ही करीब 20 लोगों को एक साथ कुत्तों ने काट लिया था, जिसमें दो घायल लोगों की उपचार के दौरान मौत हो चुकी है। कुत्ते के काटने से एक गाय भी भडक गई है, जिससे ग्रामीणों में भी भय बना हुआ है।

## राशिफल रविवार 1 सितम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, चतुरदशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, अश्लेषा नक्षत्र रात्रि 9:49 तक,परिघ योग सांय 5:50 तक, विष्टि करण रात्रि 4:31 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 9:49 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-मिथुन, बुध-कर्क, गुरू-वृष, शुक्र-कन्या, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज यमघट योग रात्रि 9:49 से सूर्योदय तक है। भद्रा सांय 4:31 से आरम्भ होगी। आज मास शिवरात्रि, अघोरा चतुरदशी व्रत है। आज जैन पयुर्षण आरम्भ (पंचमी पक्ष) होंगे और आज प्रथम प्रकाश उत्सव गुरू ग्रन्थ साहिब है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:44 से 9:18 तक, लाभ-अमृत 9:18 से 12:27 तक, शुभ 2:01 से 3:35 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:10, सूर्यास्त 6:44



### मेष

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।



### वृष

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।



### मिथुन

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। आज धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।



### कर्क

आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। आज आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।



### सिंह

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



### कन्या

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में प्रगति होगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।



### तुला

अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।



### वृश्चिक

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग सकते हैं। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।



### धनु

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज यात्रा टालना ठीक रहेगा।



### मकर

परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।



### कुंभ

अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



### मीन

अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। आज नये-पुराने मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 49 संख्याः 319 प्रभात कोटा, रविवार 1 सितम्बर, 2024 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

## कमला हैरिस ने ट्रम्प पर चार पॉइन्ट्स की लीड स्थापित की

### रॉयटर द्वारा कराये गये सर्वे के अनुसार, राष्ट्रपति पद पर 45 प्रतिशत लोग कमला हैरिस को देखना चाहते हैं तथा 41 प्रतिशत ट्रम्प को

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **जुलाई के अन्त में कराये गये सर्वे में, कमला हैरिस की ''लीड'' केवल एक प्रतिशत थी।**
- **हैरिस की लीड में इतनी भारी बढ़ोतरी होने का कारण है, कमला हैरिस की लोकप्रियता में महिलाओं और हिस्पैनिक लोगों का समर्थन 13 प्रतिशत बढ़ा है, गत महीने के सर्वे रिज़ल्ट की तुलना में।**
- **इस सर्वे में अमेरिका के 4253 नागरिकों से तथा चुनाव में वोट देने के लिये रजिस्टर्ड 3562 अमेरिकी नागरिकों से यह सवाल पूछकर कि अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में वोट किसकों देंगे, उनकी राय जानी गयी थी।**

नई दिल्ली, 31 अगस्त। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प पर बढ़त ले ली है। यह जानकारी मिली रॉयटर्स/इप्सॉस पोल के सप्ताहांत में नतीजों से। नतीजों के अनुसार, कमला को 45 प्रतिशत डॉनल्ड ट्रम्प को 41 प्रतिशत वोट मिले हैं। आठ दिन चला यह सर्वे शुक्रवार को ही खत्म हुआ है। इसके अनुसार, जुलाई के अंत में हैरिस को मिली एक पॉइन्ट की बढ़त के मुकाबले यह उल्लेखनीय बढ़त है। हैरिस को जो बढ़त मिल रही है उसके लिए महिलाओं और हिस्पैनिक मतदाताओं का बढ़ता समर्थन है। इन दोनों समूहों में उनकी लोकप्रियता ट्रम्प से 13 प्रतिशत अधिक है। दोनों समूहों में उनकी लोकप्रियता 49 से 36 प्रतिशत है। नवीनतम सर्वे के अनुसार महिलाओं में उनकी लोकप्रियता 9 प्रतिशत तक और हिस्पैनिक मतदाताओं में 6 प्रतिशत तक बढ़ी है, हालांकि श्वेत मतदाताओं और पुरूषों में ट्रम्प अभी भी आगे हैं, पर कॉलेज डिग्री रहित युवाओं में उनकी लोकप्रियता 7 पॉइन्ट घटी है।

जो बाइडन के राष्ट्रपति पद की चुनावी दौड़ से बाहर होने के बाद से हालात में काफी परिवर्तन आया है। बाइडन के पीछे हटने के बाद हैरिस को राष्ट्रीय स्तर पर और प्रमुख राज्यों के चुनावों में काफी बढ़त मिली है। विस्कॉन्सिन, पैनसिल्वेनिया, जॉर्जिया, एरिज़ोना, नॉर्थ कैरोलाइना, मिशीगन और नेवाडा जैसे राज्यों में जहाँ कड़ा मुकाबला है वहाँ रजिस्टर्ड वोटर्स में ट्रम्प को हैरिस पर मामूली सी बढ़त प्राप्त है। लेकिन ब्लूमबर्ग न्यूज़/मॉर्निंग कंसल्ट पोल से पता चलता है कि यहां पर तो हैरिस आगे चल रही हैं या ट्रम्प के बराबर हैं।

रिपब्लिकन नीतिकार मैट वॉल्किंग ने माना कि हैरिस से ट्रम्प को कड़ी चुनौती मिल रही है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प के लिए महत्वपूर्ण है कि वोटर्स का समर्थन बनाए रखने के लिए व चुनाव प्रचार रणनीति पर फोकस करें।

जब से हैरिस को डैमोक्रैटिक पार्टी ने राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है तब से वे जॉर्जिया जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में सक्रिय चुनाव अभियान चला रही है ताकि उनका जनाधार मजबूत हो जाए।

हैरिस के लिए जनता में उत्साह साफ नज़र आ रहा है। रॉयटर्स/इप्सॉस सर्वे में शामिल 73 प्रतिशत डैमोक्रैटिक वोटर्स ने कहा कि नवम्बर में होने वाली वोटिंग के प्रति उनका उत्साह बढ़ गया है। प्रगतिवादी सोच के मतदाताओं में ट्रम्प की तुलना में हैरिस का असर ज्यादा है। हैरिस के 52 प्रतिशत मतदाताओं ने कहा कि उनका लक्ष्य ट्रम्प का विरोध करने से कहीं ज्यादा हैरिस को मजबूत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## साइबर फ्रॉड केस में पुलिस को अल्टीमेटम

जयपुर, 31 अगस्त। राजस्थान हाईकोर्ट ने साइबर फ्रॉड के ढाई साल पुराने मामले में कार्रवाई नहीं होने और इन केसों में हो रही बढोतरी को गंभीर माना है। अदालत ने मौखिक रूप से राज्य सरकार को कहा कि जब सी.जे.आई. के साथ ही साइबर फ्रॉड हो चुका है तो फिर पुलिस ऐसे मामलों में इतनी लापरवाह कैसे हो सकती है।

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने कहा, सी.जे.आई. तक के साथ साइबर फ्रॉड हो चुका है फिर भी पुलिस इतनी लापरवाह क्यों है। कोर्ट ने 60 लाख रूपए के साइबर फ्रॉड मामले में पुलिस को 30 दिन में कार्यवाही करने का अल्टीमेटम दिया।**

अदालत ने पुलिस को कहा है कि यदि 30 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो 30 सितंबर को डी.जी.पी. व्यक्तिगत तौर पर अदालत में हाजिर होकर इस संबंध में स्पष्टीकरण दें। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश 60 लाख रुपए के साइबर फ्रॉड के मामले में राकेश तोतुका की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि मामला वर्ष 2022 से चल रहा है, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## प्र.मंत्री मोदी के स्वघोषित हनुमान संकट में हैं बिहार में?

### क्या भाजपा, अपने एन.डी.ए. गठबंधन के साथी चिराग पासवान के पर कुतरना चाहती है?

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **भाजपा के एक तथाकथित कार्यकर्ता ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करायी है कि चिराग पासवान ने चुनाव लड़ने से पहले जो शपथ पत्र के माध्यम से जानकारियाँ प्रस्तुत की हैं, झूठ हैं, असत्य हैं।**
- **साथ ही भाजपा विधायक मुकेश रोशन ने दावा किया कि चिराग पासवान की पार्टी के पाँच निर्वाचित सांसदों में से तीन ''जॉइन'' करने को तैयार हैं।**
- **इस घटनाक्रम के बीच चिराग पासवान के मुख्य प्रतिद्वंदी तथा चिराग के चाचा पशुपति नाथ पारस अचानक सक्रिय हुए और दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से उनके घर पर मिले तथा शाह को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया।**
- **क्या ये संकेत है कि भाजपा खुश नहीं कि चिराग पासवान एन.डी.ए. के खिलाफ सबसे अधिक बोलने वाले नेता के रूप उभर रहे हैं। अतः उन्हें जमीन पर उतारना जरूरी है।**

नई दिल्ली, 31 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वघोषित हनुमान संकट में दिखाई दे रहे हैं।

राकेश कुमार सिंह नामक एक व्यक्ति, जो उड़ती खबरों के अनुसार भाजपा कार्यकर्ता हैं, ने एक याचिका लगाई है तथा चुनाव आयोग में भी शिकायत की है। उन्होंने तीन गंभीर आरोप लगाये हैं- पहली, वे (चिराग) एक दुष्कर्म केस में द्वितीय आरोपी हैं, दूसरी, उन्होंने अपने चुनाव-शपथपत्र में अपनी इंजीनियरिंग डिग्री के बारे में झूठ बोला था; तथा तीसरी, उन्होंने बिहार के खगरिया जिले की अपनी सम्पत्ति के स्वामित्व की बात छुपाई थी। बिहार भाजपा के मीडिया प्रवक्ता ने स्पष्टीकरण देते हुये कहा है कि याचिकाकर्ता का भाजपा से कोई सम्बंध नहीं है। लेकिन चिराग की पार्टी और भाजपा के बीच पैदा हो रहे इस संकट का परिदृश्य काफी बड़ा दिखाई दे रहा है।

एन.डी.ए. के सभी घटक दलों में, चिराग केन्द्र सरकार के हाल ही के नीतिगत निर्णयों के सर्वाधिक मुखर विरोधी रहे हैं। इन नीतियों में, वक्फ बिल में प्रस्तावित संशोधन, तथा नौकरशाही में सीधी एवं स्वैच्छिक भर्ती करने की योजना, जो अब वापस ले ली गई है, प्रमुख रुप से शामिल हैं। चिराग विपक्ष द्वारा की जा रही जातिगत जनगणना की माँग के समर्थन में भी आ गये थे। इन सभी मुद्दों पर सरकार द्वारा अपने कदम पीछे हटा लेने के साथ ही, भाजपा में एक सोच यह भी बनी है कि चिराग अपने कद से कुछ ज्यादा ही बाहर निकल रहे हैं तथा उन्हें रोकने की जरुरत है।

हाल ही के दिनों में, बिहार के एन.डी.ए. पार्टनरों में बड़ी तेजी से कुछ हलचल होती दिखाई दी है। चिराग के चाचा तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री पशुपति नाथ पारस गुमनामी से एकाएक ही

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 8 सितम्बर को 3 दिन के अमेरिका दौरे पर जाएंगे राहुल गांधी

### विपक्ष का नेता बनने के बाद राहुल की यह पहली अमेरिका यात्रा होगी

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा कि जब से राहुल विपक्ष के नेता बने हैं, उनसे मिलने के लिए हमारे पास अनगिनत आवेदन आए हैं।**
- **पित्रोदा ने कहा कि तीन दिन के प्रवास में राहुल गांधी शिक्षाविदों, पत्रकारों, उद्योगपतियों, भारतीय मूल के लोगों व छात्रों के साथ मुलाकात करेंगे तथा विभिन्न मसलों पर चर्चा करेंगे।**

नई दिल्ली, 31 अगस्त। विपक्ष के नेता के रूप में अपने पहले विदेश दौरे में राहुल गांधी अमेरिका जा रहे हैं। वे 8 से 10 सितम्बर तक अमेरिका में रहेंगे। इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस ने कहा कि जब से राहुल गांधी विपक्ष के नेता बने हैं तब से उनके पास बहुत सारे आवेदन आ रहे है, जिनमें राहुल गांधी से मिलने का आग्रह किया गया है।

गांधी 8 सितम्बर को डलास, टैक्सस में रहेंगे तथा 9 व 10 सितम्बर को वॉशिंगटन डी.सी. में रहेंगे।

इस दौरान वे शिक्षाविदों, पत्रकारों, थिंक टैंक्स के प्रतिनिधियों टैक्नोक्रेट्स, व्यवसायियों व भारतीय मूल के अन्य लोगों व स्थानीय लोगों से मिलेंगे।

इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस जिसकी उपस्थिति 32 देशों में है, के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने राहुल की यात्रा की औपचारिक घोषणा करते हुए बताया कि जब से राहुल गांधी विपक्ष के नेता बने हैं, मेरे पास भारतीय मूल के लोगों, इंटरनैशनल मीडिया व अन्य नेताओं की तरफ से आवेदनों की भरमार लगी है। वे सभी राहुल से बात करना चाहते हैं। अब राहुल संक्षिप्त दौरे पर अमेरिका आ रहे हैं।

डलास में गांधी युनिवर्सिटी ऑफ टैक्सस के छात्रों, शिक्षाविदों व अन्य लोगों से वार्ता करेंगे।

कुछ टैक्नाफ्रेटस से भी चर्चा होगी और रात्रि भोज पर इलास के नेताओं से मिलेंगे।

वॉशिंगटन में वे थिंक टैक और नैशनल प्रैस क्लब व अन्य लोगों से मिलेंगे।

पित्रोदा ने बताया कि कई लोगों के साथ मुलाकात करेंगे। लोगों को उन राज्यों में भी काफी रूचि है जहाँ कांग्रेस का शासन है। खासकर बैंगलुरु, हैदराबाद और उम्मीद है कि हम महाराष्ट्र भी जीतेंगे क्योंकि लोगों को पुणे, मुम्बई व गुड़गांव में भी दिलचस्पी है।

ये देश के बिज़नैस शहर हैं जहाँ टैक्नॉलजी पर काफी फोकस है।

पित्रोदा ने कहा कि हम राहुल गांधी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## यू.डी.एच. सचिव और डी.एल.बी. निदेशक को अवमानना नोटिस

जयपुर, 31 अगस्त। राजस्थान हाईकोर्ट ने डिप्टी टाउन प्लानर के निलंबन से जुडे मामले में करीब एक साल पुराने अदालती आदेश की पालन नहीं करने पर प्रमुख यू.डी.एच. सचिव टी.रविकांत व डी.एल.बी. निदेशक सुरेश ओला को अवमानना नोटिस जारी किए हैं। जस्टिस उमाशंकर व्यास ने यह आदेश राजपाल चौधरी की अवमानना याचिका पर दिया।

- **हाई कोर्ट ने अदालती आदेश की पालना नहीं करने पर अवमानना नोटिस जारी किया और जवाब मांगा है।**

याचिका में अधिवक्ता दिनेश यादव ने बताया कि याचिकाकर्ता डी.एल.बी. में डिप्टी टाउन प्लानर के पद पर कार्यरत था। इस दौरान उन्हें बिना नाम व पते वाली झूठी शिकायत पर 13 फरवरी 2023 को चार्जशीट देते हुए निलंबित कर दिया। चार्जशीट भी उस अफसर ने दी जिसे देने का अधिकार नहीं था। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देने पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## चुनाव आयोग ने हरियाणा चुनाव की तिथि एक अक्टूबर से बदलकर 5 अक्टूबर की

### कांग्रेस और आप का कहना है, यह संकेत है कि हरियाणा में भाजपा हतोत्साहित है और अभी से अपनी गलती स्वीकार कर रही है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **चुनाव आयोग ने कहा है कि चुनाव की तारीख आगे बढ़ाने का कारण है कि, ऑल इंडिया विश्नोई महासभा का ज्ञापन मिला था कि सदियों पुराने त्योहार आसोज अमावस्या पर हरियाणा के विश्नोई राजस्थान जाते हैं, ऐसे में उनका वोट डालना संभव नहीं हो पाएगा।**
- **चुनाव आयोग ने एक और कारण यह बताया कि, सप्ताहांत के साथ कई छुट्टियाँ होने के कारण लोग प्रायः घूमने निकल जाते हैं।**
- **चुनाव आयोग ने कहा, इन कारणों से मतदान प्रतिशत में भारी कमी आ जाती इसलिए हरियाणा के चुनाव आगे सरकाए गए हैं।**

नई दिल्ली, 31 अगस्त। भाजपा की इच्छा की सुस्पष्ट अनुपालना में, भारत के चुनाव आयोग ने आज हरियाणा विधानसभा चुनाव की मतदान-तिथि 1 अक्टूबर से खिसका कर 5 अक्टूबर कर दी।

जम्मू-कश्मीर के तृतीय चरण की मतदान तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है, वह 1 अक्टूबर ही बनी हुई है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर दोनों ही राज्यों के चुनाव परिणाम 8 अक्टूबर को घोषित होंगे।

चुनाव आयोग ने एक अधिसूचना में कहा, ''चुनाव तिथि निर्धारण के बाद, राष्ट्रीय राजनैतिक दलों, प्रांतीय राजनैतिक दलों, तथा अखिल भारतीय विश्नोई महासभा के आग्रह-पत्र प्राप्त हुये थे, जिनमें कहा गया था कि सदियों पुराने असोज अमावस्या त्योहार पर आयोजित समारोह में भाग लेने के लिये विश्नोई समुदाय के लोग बहुत बड़ी संख्या में हरियाणा से राजस्थान जायेंगे।''

ई.सी. की अधिसूचना में कहा गया है, ''पूर्व निर्धारित तिथि पर मतदान होने से बड़ी संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते तथा हरियाणा विधानसभा चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी कम हो जाती।''

24 अगस्त को हरियाणा भाजपा की 'राज्य चुनाव प्रबन्धन समिति' के सदस्य वरिन्दर गर्ग ने कहा था, ''हमने यह तर्क दिया है कि विधानसभा चुनाव की तिथि 1 अक्टूबर (मंगलवार) के पहले सप्ताहान्त अवकाश तथा बाद में भी छुट्टियाँ हैं, जिससे मतदान - प्रतिशतता प्रभावित हो सकती है क्योंकि लोग लम्बे सप्ताहान्त अवकाशों पर प्रायः छुट्टियाँ ले लेते हैं।''

विपक्षी कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी ने इस कार्यवाही की आलोचना की है। पूर्व मुख्यमंत्री तथा कांग्रेस नेता भूपिन्दर सिंह हूडा ने भाजपा पर प्रहार करते हुये कहा है कि पार्टी का रुख बताता है कि उसने पराजय पहले ही स्वीकार कर ली है। मीडिया ने इस वरिष्ठ नेता को यह कहते हुये उद्धृत किया है, ''मतदान ई.सी. द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार ही होने चाहिये।.....हरियाणा की जनता भाजपा सरकार को एक दिन भी सत्ता में देखना नहीं चाहती।''

आप की हरियाणा इकाई ने कहा कि चुनाव होने से पहले ही, सत्तारुढ़ भाजपा ने बहाने तलाश करना शुरु कर दिया था क्योंकि उसने चुनाव में आसन्न पराजय भाँप ली है।

जहाँ भाजपा हरियाणा में लगातार तीसरे कार्यकाल पर नजरें जमाये हुये हैं, वहीं कांग्रेस सत्तारुढ़ दल को सत्ता सेहटा देने की आशा सँजोये हुये है।

## चेन्नई के हॉस्टल में रेड, 32 छात्र हिरासत में

चेन्नई, 31 अगस्त। तमिलनाडु में पुलिस ने शनिवार को उन हॉस्टल्स में छापेमारी की, जहां चेन्नई के पास पोथेरी में प्राइवेट कॉलेज के छात्र रहते हैं। इस दौरान एक महिला समेत 32 कॉलेज स्टूडेंट्स को हिरासत में लिया गया। इन्हें एक निजी मैरिज हॉल में रखा गया है और अलग-अलग से पूछताछ की जा रही है। तांबरम नगर पुलिस स्टेशन के कांस्टेबलों ने आज यह रेड मारी। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। साथ ही भांग चॉकलेट, भांग का तेल और भांग से संबंधित दूसरी चीजें जब्त की गईं। पुलिस की ओर से

- **पुलिस ने हॉस्टल में अचानक रेड डालकर छात्रों के कमरों से भारी मात्रा में गांजा, भांग का तेल व नशीली ड्रग्स इत्यादि बरामद की हैं।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'अतिरिक्त महाधिवक्ता की नियुक्ति में कानूनी मायाजाल में फंसी सरकार'

### अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद पर हुई इस नियुक्ति को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता ने कहा कि राज्य सरकार ने मनमाने तरीके से और जल्दबाजी में यह नियुक्ति की

-यादवेन्द्र शर्मा-

- **याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि ''राज्य सरकार ने वर्ष 2018 की वाद नीति में संशोधन किया और एक नया ''क्लॉज़ 14.8'' जोड़ा और स्वयं को बेलगाम शक्तियां दीं ताकि वो किसी भी अधिवक्ता को अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद पर नियुक्ति दे सके।**
- **परंतु उसने इसी वाद नीति के 'क्लॉज़ 14.4' में संशोधन नहीं किया, जिसके अनुसार अतिरिक्त महाधिवक्ता की नियुक्ति के लिये अधिवक्ता के पास कम से कम 10 वर्ष का अनुभव होना ही चाहिये।**
- **याचिकाकर्ता का कहना है कि अतिरिक्त महाधिवक्ता को नियुक्त करने से पूर्व राज्य के महाधिवक्ता से ही सलाह नहीं ली गई थी, जो कि वाद नीति के 'क्लॉज़ 14.2' के अनुसार अनिवार्य है।**

जयपुर, 31 अगस्त। राजस्थान हाईकोर्ट में 2019 में नामांकित अधिवक्ता, पद्मेश मिश्रा, को राज्य सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पैरवी के लिये अतिरिक्त महाधिवक्ता (ए.ए.जी.) घोषित किये जाने के आदेश के खिलाफ जनहित याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ता-अधिवक्ता सुनील समदड़िया ने याचिका में मुख्य तौर पर इस मुद्दे पर जोर दिया है कि राज्य सरकार ने वर्ष 2018 की वाद नीति में संशोधन किया और एक नया 'क्लॉज़ 14.8' को जोड़कर स्वयं को बेलगाम शक्तियां देने का प्रावधान जोड़ा जिसके तहत वे किसी भी अधिवक्ता, के अनुभव को आंकने के बाद, उसे अतिरिक्त महाधिवक्ता, महाधिवक्ता या किसी भी सरकारी वकील के पद पर नियुक्ति कर सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2018 की वाद नीति में कोई और संशोधन नहीं किया जबकि इसी वाद नीति में 'क्लॉज़ 14.4' के अनुसार अतिरिक्त महाधिवक्ता की नियुक्ति के लिये अधिवक्ता के पास कम से कम 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिये।

याचिकाकर्ता समदड़िया ने इस मामले में आवेदन दायर कर यह भी गुहार की थी कि पद्मेश मिश्रा की नियुक्ति के आदेश पर तुरंत प्रभाव से अंतरिम रोक भी लगाई जाये। इस मामले की पहली सुनवाई करते हुए न्यायाधीश अनिल उपमन ने राज्य सरकार तथा अधिवक्ता पद्मेश मिश्रा को नोटिस जारी किये और कहा कि याचिकाकर्ता अगली सुनवाई पर नियुक्ति के आदेश पर अंतरिम रोक लगाने के अपने आवेदन पर जिरह जारी रख सकते हैं।

इस मामले में दायर याचिका के अनुसार राज्य सरकार ने 23 अगस्त 2024 को वाद नीति में एक संशोधन किया जिसके तहत उसने स्वयं को बेलगाम शक्तियां देने का प्रावधान जोड़ा जिससे वह किसी भी अधिवक्ता को मनमाने तरीके से अतिरिक्त महाधिवक्ता घोषित कर सकती है। याचिका में यह भी बताया गया है कि 23 अगस्त को ही राज्य सरकार ने पद्मेश मिश्रा को अतिरिक्त महाधिवक्ता घोषित करने का आदेश भी पारित किया। याचिकाकर्ता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राहुल गांधी ने युवाओं में आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई

नयी दिल्ली 31 अगस्त (वार्ता) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने युवाओं में बढ़ रही आत्महत्या की घटनाओं पर गहरी चिंता जाहिर करते हुए सरकार से युवाओं के खुशहाल भविष्य के लिए विकासोन्मुखी योजना बनाने का आग्रह किया है।

- **राहुल गांधी ने कहा कि बीते एक दशक में भारत में आत्महत्या के मामले दोगुने हो गये हैं। बीते दस सालों में 13 हजार 44 युवाओं ने आत्महत्या की है तथा उससे पहले के दस वर्षों में यह आंकड़ा 6,654 ही था।**

गांधी ने अपने व्हाट्सएप चैनल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मंडफिया में नकली मावे से बनी हुई मिठाइयां बेचने का धंधा जोरों पर

## नकली मावे से बनी मिठाइयों को सांवलियाजी सेठ के मंदिर में ले जाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग



मंडफिया में खुले आम दुकानों में नकली मावे से बनी मिठाइयां बेची जा रही है।

■ डेढ़ माह पहले शिकायत पर दुकानों से मिठाइयों के सैम्पल लिये गये थे, लेकिन अब तक नहीं हुई कोई कार्रवाई

**मंडफिया, (निसं)।** मंडफिया कस्बे में प्रसाद के नाम से बैचे जाने वाला रेडीमेड नकली मावे का धंधा खूब फल-फूल रहा है। जानकारी के अनुसार भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया की नगरी में केमिकल युक्त नकली मावे से बनी मिठाईयां बेचने का गोरखधंधा जोरों शोरों से चल रहा है।

मंडफिया कस्बे के जागरूक एवं आईटीआई कार्यकर्ता कैलाश चंद्र डाड ने बताया कि इस मामले को लेकर रसद विभाग के टोल फ्री नंबर 181 पर शिकायत 12 जुलाई 2024 को दर्ज करवाई गई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद फूड इंस्पेक्टर घनश्याम शर्मा व टीम मावे का सैंपल लेने मंडफिया पहुंची। फूड इंस्पेक्टर शर्मा व टीम ने मंदिर के आसपास की दुकानों से मावों का सैंपल लेकर चित्तौड़गढ़ लैब में ले गए। जागरूक कार्यकर्ता डाड ने बताया कि सैंपल के लिए ले जाए गए मावे की डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी ना जांच हुई ना ही कार्रवाई हुई, जिससे इन दुकानदारों के हौंसले बुलंद हैं। रसद विभाग की टीम ने मावे की जांच के नाम पर खानापूर्ति कर कार्य से अतिश्री कर ली है।

जागरूक कार्यकर्ता डाड एवं ग्रामीण सांवलिया जी मंदिर बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कालूराम गुर्जर, मंडफिया पूर्व वार्ड पंच लक्ष्मी लाल खटीक, रामलाल गुर्जर ने बताया कि यह नकली मावा सांवलिया जी मंदिर मंडल की दुकानों में एवं कस्बे की अन्य मिठाईयां की दुकानों में खूब बिक रहा है। यह नकली मावा खाने से मंडफियावासियों के एवं बाहर से आने वाले भक्तों के शरीर में जहर घोल रहा है। यह नकली मावा शरीर में कई गंभीर बीमारियों को जन्म दे रहा है। दुकानदार नकली मावा व उससे बनी मिठाईयां बैचकर मोटी गाड़ी कमाई कर अपनी जेबें भरने में लगे हुए हैं। इन दुकानदारों को लोगों के स्वास्थ्य की थोड़ी सी भी फ़िक्र नहीं है। यह दुकानदार बेफिक्र होकर नकली मावा ग्रामीणों को एवं भक्तों को बड़े मजे के साथ बेच रहे हैं।

कार्यकर्ता डाड ने बताया कि यह नकली मावा अन्य जिलों व शहरों से सील पैक कट्टों में मंडफिया कस्बे में स्थित सांवलिया जी मंदिर की दुकानों में एवं अन्य मिठाईयों की दुकानों में बड़ी मात्रा में पहुंच रहा है। इन सील पैक कट्टों में रंग बिरंगे जैसे सफेद, केसरिया, पीला, हरा व चॉकलेटी आदि रंगों का नकली मावा होता है। उसके बाद दुकानदार अपने सांचे में उस मावे को डालकर पेड़े बनाकर उसके ऊपर काजू बादाम की कतरन लगा कर कागज के मनमोहक पेकिंग डिब्बों में भरकर बेचा जा रहा है। इसमें खास बात यह है कि यह नकली मावा 130 रुपए से 150 रुपए प्रति किलो के हिसाब से दुकानदार खरीदते हैं फिर यही दुकानदार इस मावे को 500 से 600 रुपए प्रति किलो के हिसाब से भक्तों को बैच रहे हैं। जागरूक कार्यकर्ता कैलाश चन्द्र डाड ने बताया कि इस नकली मावे को यात्रीगण अच्छा समझ कर भगवान सांवलिया सेठ के मंदिर में लेकर पहुंच रहे हैं और यही मावा मंदिर के गर्भग्रह में सांवलिया जी सेठ की मूर्ति के समक्ष भोग के रूप में चढ़ रहा है। भगवान के भोग चढ़ जाने के बाद उस मावे को यात्री मंदिर परिसर में अपने परिवार जनों को एवं अन्य भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरण करते हुए देखा जा सकता है, लेकिन इन यात्रियों को पता ही नहीं है कि यह जो मावा है वो केमिकल युक्त नकली मावा है।

इधर ग्रामीणों ने मंदिर प्रशासन से इस मामले को शीघ्र संज्ञान में लेकर असली नकली मावे की जांच करवा कर यात्रियों एवं ग्रामीणों के स्वास्थ्य को बचाने की मांग की है। ऐसे नकली मावे को भगवान सांवलिया जी सेठ के मंदिर में ले जाने पर कड़ा प्रतिबंध लगाने की मांग की है। डाड ने यह भी बताया कि नकली मावा सप्लायर मंडफिया कस्बे में क्विंटलों बंद मावा बेच कर दुकानदारों को ऐसी सुविधा दे रखी है कि दुकानदार के मावा अगर नहीं बिकता है व खराब होता है तो सप्लायर उस सड़े गले मावे को ले जाकर पुन: बनाकर मावे में मिलाकर दोबारा दुकानदारों को बेच देता है।

# सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार दो ईनामी गिरफ्तार

## हरिद्वार उत्तराखण्ड की रहने वाली एक युवती से दुष्कर्म किया और फरार हो गए थे



मनियां थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**धौलपुर, (निसं)।** सामूहिक दुष्कर्म के प्रकरण में फरार चल रहे 45 हजार रुपये के दो ईनामी बदमाशों को धौलपुर जिले की मनियां थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिन्होंने 24 अगस्त को हरिद्वार उत्तराखण्ड की रहने वाली एक युवती को नौकरी दिलाने का झांसा देकर फोन कर मनियां बुलाया। जिसके बाद तीन लोगों ने सामूहिक रूप से दुष्कर्म किया और फरार हो गए। मामले में टीम गठित कर फरार आरोपियों की तलाश की गई।

मामले को लेकर मनियां सीओ राजेश कुमार ने बताया कि प्रकरण में घटना के समय से फरार आरोपियों की तलाश के लिए मनियां थाना क्षेत्र के गांव व उनके छिपने वाले सम्भावित स्थानों पर तलाश की गई। इसके बाद मुखबिर से सूचना मिली कि प्रकरण में फरार सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी जलालपुर मोड़ पर खड़े हैं, जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना पर थानाधिकारी मनियां नरेश शर्मा मय टीम के जलालपुर मोड़ पहुंचे, जहां पर दोनों आरोपी खड़े हुए थे, जिन्हें घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया, जिसमें अहम भूमिका कांस्टेबल नरेन्द्र, विक्रम, प्रेमचन्द, राजेश ने निभाई।

मनियां सीओ राजेश कुमार ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे 45 हजार रुपये के ईनामी बदमाश रामौतार उर्फ औतार उर्फ अवतार पुत्र भवूति गुर्जर और पतिया उर्फ पतिराम पुत्र होतमसिंह गुर्जर को गिरफ्तार किया है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक धौलपुर सुमित मेहरड़ा की ओर से औतार गुर्जर पर 25 हजार रुपये और पतिराम पर 20 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। दोनों से पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया है।

# होमगार्ड का शव मिला, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया

■ पुलिस एवं एसएफएल टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए

**तारानगर, (निसं)।** तारानगर के एक खेत में बने झौपड़े में एक होमगार्ड का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस थाने में कई लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया है।

थानाधिकारी गौरव खिड़िया ने बताया कि तारानगर के वार्ड 21 निवासी सुनिल कुमार पुत्र सीताराम शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि मेरा खेत मिखाला की रोही में स्थित है व हमारे खेत से दक्षिणी की ओर मेरे ताऊ कांता प्रसाद का खेत है। उसी हिस्से में कांता प्रसाद के पुत्र भगवानाराम के हिस्से की कृषि भूमि है। भगवानाराम होमगार्ड में नौकरी करता है, इसलिये अपने हिस्से की कृषि भूमि को गोविन्दराम पुत्र ऋषि कुमार को हिस्से पर काश्त पर दे रखी थी। 30 अगस्त दोपहर को भगवानाराम अपने खेत को संभालने गया था। उस समय उसके खेत में गोविंदराम पुत्र ऋषि कुमार, उसकी तथाकथित पत्नी नामालूम, राकेश पुत्र सीताराम माली, दिनेश सुखा पुत्रगण कमलाप्रसाद माली, नन्दलाल पुत्र बुधाराम माली, भोलूराम माली व अन्य 6-7 लोग और थे जो भगवानाराम के खेत में गोविन्द के पास बैठ हुये थे। मैं मेरे खेत में काम कर रहा था तो दोपहर करीब तीन बजे के आसपास भगवानाराम के खेत में आवाजें हुई में उधर भागकर गया और देखा कि भगवानाराम को लाठियों से व तार के हेंटर से मारपीट कर रहे थे। तो मैंने कहा तो मेरे को भी मारने के लिये दौड़े। मैं जान बचाकर भाग गया।

उसके बाद कुछ समय पश्चात भगवानाराम की तलाश की तो मुझे नहीं मिला, जिस पर मैनें मेरे घरवालों को सूचना की जिस पर मेरा भाई हरीश, पिता सीताराम, कांता प्रसाद, सुरेन्द्र भगवानाराम की तलाश करने आये। हम रातभर उसकी तलाश करते रहे। तलाश करने पर मेरे भाई भगवानाराम की लाश पालाराम माली के खेत में बन झौपड़े में मिली।

उपरोक्त सभी लोगों ने मेरे भाई की हत्या की है। मेरे भाई के सारे शरीर पर भयंकर चोटें लगी हुई हैं कई हड्डिया टूटी हुई है। उधर होमगार्ड भावनाराम का शव पड़ा होने की सूचना मिलने पर तारानगर डीएसपी मिनाक्षी, थानाधिकारी गौरव खिड़िया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे घटना की जानकारी ली। पुलिस ने भगवानाराम के शव को अपने कब्जे में लेकर उसे तारानगर उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया व पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू की। एसएफएल टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मृतक भगवानाराम के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# लूट-डकैती के तीन आरोपियों को सात-सात साल की सजा

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** अलवर-किशनगढ़ बास हाईवे पर बंबोरा घाटी के पास 10 साल पहले बदमाशों ने गाड़ी पर लाल बत्ती लगाकर अलवर से दिल्ली जा रहे परिवार की गाड़ी को अगवाकर जंगल में ले जाकर गाड़ी में बैठे परिवार के साथ जेवरात व नगदी लूट व डकैती मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या-2 जगदीश प्रसाद मीणा ने तीन आरोपियों को 7-7 वर्ष का कारावास व पांच-पांच हजार के अर्थदंड से दंडित किए जाने के आदेश दिए हैं।

अपर लोक अभियोजक अजीत राव ने बताया कि 16 फरवरी 2014 को दिल्ली निवासी सपन मोहन गर्ग ने किशनगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज कराया कि वह 14 फरवरी रात को अपनी पत्नी व बच्चों के साथ कार में सवार होकर अलवर से दिल्ली जा रहे थे। रात्रि करीब 11:45 पर किशनगढ़ के बंबोरा घाटा के पास अचानक एक मारुति स्विफ्ट सफेद रंग की गाड़ी लाल बत्ती लगी हुई ने ओवरटेक कर हमारी कार को रोक दिया और लाल बत्ती वाली कार से 6 बदमाश उतरे एवं हमारे ड्राइवर को जबरन खींचकर अपनी गाड़ी में बैठा लिया। तीन बदमाश हमारी गाड़ी में घुस आए जिसमें से एक ने गाड़ी चलाई एवं पीछे बैठे बदमाश ने कट्टा मेरी पत्नी के माथे पर लगा दिया। मेरी पत्नी के पहने हुए जेवर, 20 हजार नगदी, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड मोबाइल लैपटॉप छीन लिया एवं दोगडा के जंगल में छोड़कर चले गए।

पुलिस ने मामले की जांच कर सात लोगों के विरुद्ध अदालत चालान पेश किया। अदालत में सुनवाई के बाद अपर जिला सत्र न्यायाधीश जगदीश प्रसाद मीणा ने आरोपी इब्रा उर्फ इब्रान पुत्र ममरेज निवासी सोमका पहाड़ी भरतपुर, आदिल पुत्र मजीद निवासी बादली पुनहाना हरियाणा, हंडू उर्फ देवो उर्फ देवीलाल पुत्र समय सिंह निवासी भट्टकी की जुरहरा भरतपुर के विरुद्ध दोष सिद्ध पाए जाने पर सात-सात वर्ष की सजा व अर्थदंड से दंडित किया है।

# पैदल जातरू मां-बेटी को बोलेरो ने कुचला, मां की मौत

**जोधपुर, (कास)।** शहर के निकटवर्ती मोगड़ा गऊशाला के पास पैदल जा रहे जातरू मां-बेटी को एक बोलेरो चालक ने अपनी चपेट में लेकर कुचल दिया। इसमें मां की मौत हो गई जबकि बेटी जख्मी हो गई। मामले में विवेक विहार पुलिस ने शनिवार को शव को कार्रवाई कर परिजनों को सौंपा। बेटी का अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं दूसरी तरफ रामसागर चौराहा के पास पिकअप के चालक ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

विवेक विहार थाने के एएसआई भरतलाल ने बताया कि सिरोही जिले के पिण्डवाड़ा स्थित ठंडीबेरी निवासी मालाराम पुत्र लिंबाराम गरासिया का परिवार बाबा के दर्शनार्थ रामदेवरा की तरफ जा रहा था। यह लोग पैदल थे। मोगड़ा गऊशाला के पास में किसी बोलेरो के चालक ने उसकी पुत्रवधु 21 साल की बिजरी कुमारी पत्नी गोमाराम गरासिया और उसकी 3 साल की बेटी को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बिजरी की मौत हो गई। वहीं उसकी बेटी घायल हो गई। एएसआई भरतलाल ने बताया कि बोलेरो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर अब जांच की जा रही है। शव को आज कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया गया है। वहीं दूसरी तरफ एयरपोर्ट पुलिस ने बताया कि डांगियावास निवासी डूंगरराम पुत्र शेराराम जाट ने रिपोर्ट दी कि उसका भाई बासनी बेंदा पुलिया से निकल रहा था। तब किसी पिकअप के चालक ने उसे चपेट में ले लिया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड, बाडी**
पता-बाईपास किला बाडी-328021 फोन नं. 05647-274684 ई मेल-ee_pwdbari@rediffmail.com
क्रमांकः 668 दिनांकः 28.08.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्याः 02/2024-2025**
(NIB PWD2425A1293 & UBN PWD2425WSOB04668, PWD2425WSOB04671, PWD2425WSOB04674)

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से बाडी जिला धौलपुर में कुल 3 नं. पर भवन / सडक कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों, राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत "एए, "ए"बी"सी" एवं डी" श्रेणी संवेदकों एवं केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजसथान सरकार के "एए,"ए"बी"सी" एवं डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट "www.eproc.dipronlineorg" व http://www.pwd.rajasthan.gov.in/, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं "www.sppp.raj.nic.in" पर देखा जा सकता है।

(सौरभ शर्मा)
अधिशाषी अभियन्ता सानिवि खण्ड बाडी
DIPR/C/7972/2024



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त जालोर**
क्रमांकः अअ/वृत्त/जा/2024-25/1011-1027 दिनांकः 27.08.2024

**निविदा सूचना संख्या : 01 वर्ष 2024-25**
NIB No. PWD2425A1276

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत सडक कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 03 कार्य जिनकी लागत राशि रू. 842.00 लाख है, अतः उक्त कार्यों के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 02 सितम्बर 2024, प्रातः 10.00 बजे से 23 सितम्बर 2024, सायं 6:00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http:// eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http:// eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।
NIB No. PWD2425A1276

| क्र.सं. | यूबीएन नं. |
|---|---|
| 1 | PWD2425WSOB04616 |
| 2 | PWD2425WSOB04617 |
| 3 | PWD2425WSOB04618 |

(चतुर्भुज खुडीवाल)
अधीक्षण अभियन्ता
सा.नि.वि. वृत्त, जालोर
मोबाईल 9414587359
DIPR/C/7931/2024


# सीकर: रैवासा पीठाधीश्वर स्वामी राघवाचार्य वेदांती पंचतत्व में विलीन

## राघवाचार्यजी महाराज द्वारा घोषित उत्तराधिकारी जगतगुरू द्वाराचार्य राजेंद्रदास देवाचार्य मलूक पीठाधीश्वर बंसीवट वृंदावनधाम ने मुखाग्नि दी



स्वामी राघवाचार्यजी महाराज के अंतिम संस्कार में अनेक संत, राजनेता और अनुयायी शामिल हुये।

■ यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की

**सीकर, (निसं)।** रैवासा पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी राघवाचार्यजी वेदांती महाराज की पार्थिव देह शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गई। महाराज द्वारा घोषित उत्तराधिकारी जगतगुरू द्वाराचार्य राजेंद्रदास देवाचार्य मलूक पीठाधीश्वर बंसीवट वृंदावनधाम ने मुखाग्नि दी।

डॉ. स्वामी राघवाचार्यजी वेदांती महाराज का शुक्रवार को हृदय गति रूकने से निधन हो गया था। श्री जानकीनाथ बड़ा मंदिर से उनकी बैकुंठी निकाली गई जो रैवासा गांव में होती हुए अंतिम स्थल पर पहुंची। यहां पर अश्रुपूर्ण नयनों से सभी ने उनकी पार्थिव देह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। अनुयायियों ने रूंवासे मन से महाराज को अंतिम विदाई दी। महाराज की बैंड-बाजे सहित भजनों के साथ निकली बैकुंठी को देखने और अंतिम विदाई देने के लिए पूरा रैवासा गांव सहित भारत के सभी हिस्सों से धर्मगुरू, संत, राजनेता सहित उनके अनुयायी मौजूद रहे। डॉ. स्वामी राघवाचार्यजी वेदांती महाराज की देह को वहां मौजूद सभी लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अंतिम क्रिया स्थल पर महाराज को विदाई देने के लिए सभी संप्रदायों के पीठाधीश्वर, महंत सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

महाराज के अग्नि संस्कार में वैष्णव समाज, दादूपंथी संप्रदायों के मठाधीशों सहित यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, राज्यसभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी, दांतारामगढ़ विधायक विरेंद्र सिंह, हाथोज पीठ के पीठाधीश्वर व हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, लोहार्गल पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, रैवासा सरपंच राजकुमार सैनी, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, पूर्व मंत्री बंशीधर बाजिया, सीकर के पूर्व एडीएम हरिशंकर भारद्वाज, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल, सभापति जीवण खां, चंद्रमादास महाराज, श्रीकुमार लखोटिया, महेश शर्मा, रामचंद नेहरा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने कहा कि अग्रपीठाधीश्वर स्वामी राघवाचार्य महाराज के देहलोकगमन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। राज्य सरकार व मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर वे महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। राज्यसभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि स्वामी राघवाचार्य महाराज का देहलोकगमन हमारे लिए बहुत बड़ा सदमा है।

भाजपा के हरियाणा प्रभारी व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि स्वामी राघवाचार्य महाराज ने शेखावाटी में ही नहीं अपितू राजस्थान व देश में सनातन की धर्म प्रजा को फैलाने का काम किया है। हम महाराज को सुनते भी थे और खिखते भी थे। पूनिया ने कहा कि आज महाराज विधिक रूप से हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी आत्मिक व धार्मिक प्रेरणायें हमारे बीच में हमेशा रहेगी। दांतारामगढ़ विधायक विरेंद्र सिंह ने कहा कि स्वामी जी ने शिक्षा, वेदों के अध्ययन, धर्म के क्षेत्र में हमेशा सहयोग दिया है। ऐसे धर्मगुरू के हमारे बीच से चले जाना अपूरणीय क्षति है। सभापति जीवण खां ने कहा कि स्वामी राघवाचार्य महाराज ने सर्वसमाज को साथ लेकर गौसेवा में अनुकरणीय कार्य किया है। उनका ऐसे चले जाना हम सबके लिए बहुत दुखदायी है। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने कहा कि महाराज ने शिक्षा, संस्कृत व संस्कृति की अलख संपूर्ण समाज में जगाई है। हमारे बीच से चले जाने की पूर्ति करना हम सबके लिए असंभव है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया ने कहा कि स्वामी राघवाचार्य महाराज ने सामाजिक समरसता के साथ वेदों को आगे बढ़ाने के लिए धार्मिक कार्यक्रमों सहित संस्कृत शिक्षा को आगे बढ़ाने का काम किया है। कहा कि महाराज ने रैवासा पीठाधीश्वर के रूप में जो छवि पूरे देश में रैवासा की बनाई वह अपने आप में दुर्लभ है। महाराज जनता जर्नादन से सीधे रूप से जुड़े रहते थे।

हाथोज पीठाधीश्वर व हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य महाराज ने स्वामी राघवाचार्य महाराज के देहलोकगमन को संत समाज सहित सभी के लिए बेहद दुखदायी बताया। वैदिक आश्रम पिपराली के स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि महाराज ने लंबे समय तक इस क्षेत्र में समाजसेवा के साथ-साथ में वेद, संस्कृति, धर्म का प्रचार प्रसार किया है। इससे उनकी संपूर्ण देश में ख्याति थी। कहा कि महाराज ने हमेशा सेवा के कार्य किए हैं।

# चाकूबाजी मामले में छात्रों को स्कूल से निकाला

**उदयपुर, (निसं)।** स्कूल के बाहर छात्र पर चाकू से हमला करने के मामले में स्कूल प्रबंधन ने पांच छात्रों को टीसी सौंपकर स्कूल से निकाल दिया।

प्रकरण के अनुसार शुक्रवार को शहर के युनिवर्सीटी रोड़ पर स्थित निजी स्कूल के बाहर आपसी कहासुनी के दौरान स्कूल छात्रों ने सहपाठी छात्र पर चाकू से प्राणघातक हमला कर एक छात्र को घायल कर दिया था।

इस मामले में जांच अधिकारी पुलिस उप अधीक्षक अब्दुल रहमान ने डिटेनशुदा पांच छात्रों को न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को बाल सम्प्रेशण गृह भेज दिया, जबकि स्कूल प्रबंधन ने कार्यवाही करते हुए मामले में करीब पांच छात्रों को स्कूल से निष्कासित कर दिया।

इस मामले में शनिवार को पीड़ित छात्र के परिजनों एवं अभिभावकों ने कार्यवाही की मांग करते हुए स्कूल में हंगामा किया था।


**राजकीय महिला अभियान्त्रिकी महाविद्यालय, अजमेर**
**GOVT. WOMEN ENGINEERING COLLEGE, AJMER**
(An Autonomous Institute of Govt. of Rajasthan)
Nasirabad Road, Makhupura, Ajmer-305002
website: www.gweca.ac.in Ph. No.: 0145-2695535 email: principal@gweca.ac.in Fax No.:0145-2695102

रा.म.अ.म./प्रोक्टर/2024-25/39 दिनांक 31.08.2024

**बी. टेक. प्रथम वर्ष में रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश हेतु (2024-25)**
महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय अजमेर में बी. टेक. प्रथम वर्ष में रिक्त रही सीटों पर सीधे प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। (REAP CODE : 1052)

| Branches available | Last Date & Timing for Applying for Direct Admission | Date & Timing of Counselling | Venue |
|---|---|---|---|
| Computer Science & Engg.,(CSE)<br>Information Technology, (IT)<br>Electronics & Communication Engg.,(ECE)<br>Electrical Engg., (EE)<br>Electrical & Electronics Engg., (EEE)<br>Mechanical Engg.,(ME)<br>Artificial Intelligence & Machine Learning (AIML) | 14.09.2024 (upto 11:00 am) | 14.09.2024 From 1:00 pm onwards | Govt. Mahila Engineering College Nasirabad Road Makhupura Ajmer |

समस्त प्रवेश प्रक्रिया रीप-2024 के दिशा निर्देशानुसार होगी।
प्रवेश इच्छुक छात्राएं महाविद्यालय से फॉर्म प्राप्त कर अथवा महाविद्यालय वेबसाइट www. gweca.ac.in से फॉर्म डॉऊनलोड कर उसे भरकर मय दस्तावेजों की छायाप्रति सहित निर्दिष्ट तिथि तथा समय पर महाविद्यालय में जमा करा सकते हैं। (फॉर्म और दस्तावेजों को स्कैन कर proctor@gweca.ac.in मेल भी निर्धारित समयावधि में प्रेषित कर सकते हैं)। काउंसिलिंग के समय छात्राओं को व्यक्तिगत रूप से मूल दस्तावेजों और शुल्क के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

महाविद्यालय में एम.सी.ए. तथा बी. टेक. द्वितीय वर्ष (LATERAL ENTRY) में प्रवेश प्रक्रिया संचालित है।
Contact No. : 9829149706, 9928464454, 9828648789,9829081523

प्राचार्य

# डेंगू, स्क्रब टाइफस रोकथाम व नियंत्रण की गतिविधियां आयोजित



कोटा में मौसम की बीमारियों की रोकथाम के लिए निरीक्षण किया जा रहा है।

■ अधिकारियों ने निरीक्षण किये

**कोटा,** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ रविन्द्र गोस्वामी के निर्देश पर जिले में मौसमी बीमारियों की रोकथाम व नियंत्रण के लिए शनिवार को नो बैग डे पर 512 स्कूलों में 63988 विद्यार्थियों को मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया, चिकिनगुनिया आदि एवं स्क्रबटाइफस बीमारियों से बचाव, रोकथाम के प्रति चिकित्सा विभाग के कार्मिकों द्वारा जागरूक किया गया। लार्वा का प्रदर्शन कर मच्छरों के प्रजनन स्थल, मच्छर के जीवन चक्र आदि के बारे में जानकारी देते हुए। हर रविवार को सूखा दिवस मनाने के लिए प्रेरित किया गया।

सीएमएचओ डॉ जगदीश कुमार सोनी ने बताया कि शनिवार को 'स्वास्थ्य दल आपके द्वार' एवं 'कामयाब कोटा बनाना है डेंगू को हराना है' अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के सर्वे दलों द्वारा अगस्त माह मे निकले डेंगू केस के घरों के आसपास रिपीट कार्यवाही में घरों में सघन एंटी लार्वा गतिविधियां की गई।

इस दौरान टंकी, कूलर पक्षियों के परिंदे, फ्रिज के पीछे की ट्रे, गमले की ट्रे, छत पर कबाड़ आदि को चेक किया गया एवं लार्वा मिले कंटेनर को खाली कराया एवं टेमिफॉस डाली गई। साथ ही आमज़न एवं घर के सदस्यों को मच्छर के लार्वा का प्रदर्शन कर समझाया गया। पोस्टर, पम्पलेट द्वारा डेंगू मलेरिया आदि की जानकारी दी गई।

सीएमएचओ डॉ जगदीश कुमार सोनी ने शहर के अनंतपुरा यूपीएचसी क्षेत्र का दौरा कर सर्वे गतिविधियों का निरीक्षण किया। डिप्टी सीएमएचओ हेल्थ डॉ.घनश्याम मीणा ने इटावा ब्लॉक का दौरा किया।

उन्होंने सीएचसी खातोली और इसके अधीन आने वाले उप स्वास्थ्य केंद्रों की विजिट की जो स्क्रबटाइफस के लिहाज से हाई रिस्क में है। उन्होंने सीएचसी खातोली में बैठक लेकर मौसमी बीमारियों की समीक्षा की। सर्वे, बचाव, रोकथाम व जागरूकता व दवाइयों व पशुपालन विभाग से समन्वय कर स्प्रे आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

इसी तरह विभाग के अन्य जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कार्मिकों ने भी जिले के अलग अलग क्षेत्रों की विजिट कर गतिविधियां चेक की। साथ ही जिले के समस्त विद्यालयों में नो बेग डे पर छात्र-छात्राओं, अध्यापकों को मच्छर के जीवन चक्र, प्रजनन स्थल, डेंगू-मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम के बारे में मच्छर के लार्वा का प्रदर्शन करते हुए बताया गया स चिकित्सा विभाग एवं पशुपालन विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए स्क्रब टाइफस केसों वाले क्षेत्रों में पुनः अल्फा साइपरमेथ्रीन का स्प्रे करवाया गया।

## महिला थाना में सी.एल.जी. बैठक का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। महिला थाना परिसर, जिला कोटा शहर में थानाधिकारी रविंद्र सिंह की अध्यक्षता में सी.एल.जी. की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सेवानिवृत पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी, समाज सेवक, शिक्षाविद्, पुलिस सखी, पुलिस मित्र तथा अन्य गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। बैठक में थाने पर लंबित परिवाद एवं अनुसंधान प्रकरणों के निस्तारण पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान थाने पर उपस्थित पीड़ित पक्ष को भी सुना जाकर समझाईश की गई। थाने पर सभी को 1 जुलाई, 2024 से भारतीय दण्ड संहिता के स्थान पर अस्तित्व में आए भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न प्रावधानों की भी जानकारी दी गई।

बैठक में सीएलजी सदय ललिता लोधा, सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक तथा प्रेम शंकर, कृष्णा चंद्रावत, उपनिरीक्षक एवम रेहाना अब्बास एवं पूर्णिमा व्यास, सहायक उप निरीक्षक सहित महिला थाना स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# मोदी लॉ कॉलेज में उपभोक्ता संरक्षण पर सेमिनार आयोजित

**कोटा,** (निसं)। मोदी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा द्वारा संचालित नयागांव स्थित मोदी लॉ कॉलेज द्वारा उपभोक्ता संरक्षण व अधिकार विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपभोक्ता संरक्षण आयोग जयपुर के अध्यक्ष देवेंद्र मोहन माथुर, कोटा जिला उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अध्यक्ष अनुराग गौतम, जिला व सत्र न्यायालय कोटा के अधिवक्ता संतोष सक्सेना, मोदी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के चेयरमैन सुशील मोदी, ग्रुप डायरेक्टर राघव मोदी, राजकीय विधि महाविद्यालय कोटा के प्राचार्य डॉ.आरके उपाध्याय, प्रो.अरूण कुमार शर्मा व मोटिवेशन गुरु सर्वेश माथुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए देवेंद्र मोहन माथुर ने उपभोक्ता के अधिकारों व जागरूकता विषय पर सभी विधि विद्यार्थियों को संबोधित किया। कई रोचक किस्सों और वादों के माध्यम से उन्होंने समझाया की उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम सभी उपभोक्ताओं को विशेष अधिकार प्रदान करता है जिससे कि आम जनता अनभिज्ञ होती है।

उपभोक्ता को अपनी पसंद का सामान चुनने, सौदेबाजी करने का पूर्ण अधिकार है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कंज्यूमर को शोषण से बचने के लिए विधि की जागरूकता होना अति-आवश्यक है और विधि विद्यार्थी इसमें महत्वपूर्ण रूप से अपनी भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित अनुराग गौतम ने बताया कंज्यूमर विधि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन और उसकी दिनचर्या से जुड़ी हुई विधि है जिसकी जानकारी होना उन्हें अति आवश्यक हैं।

चेयरमैन सुशील मोदी ने कहा की हम सभी को खरीदारी के बाद बिल को स्वयं जोड़ कर अवश्य देखना चाहिए क्योंकि बड़े स्टार्स में अक्सर जोड़ में गलती होती है और आम उपभोक्ता इस पर ध्यान नहीं देता है। एडवोकेट संतोष सक्सेना ने विद्यार्थियों को समझाया कि वह कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण वादों को पढ़ें और उन्हें समझ तथा जहां भी लगता है की अनफेयर ट्रेड प्रेक्टिस है या उपभोक्ता का शोषण हो रहा है तो ऐसी बातों को प्राथमिकता से कंज्यूमर फोरम के समक्ष लाए व उपभोक्ता को न्याय दिलाए। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यक्रम में उपस्थित डॉ.आरके उपाध्याय ने बताया कि आजकल ऑनलाइन खरीदारी का जमाना है अत: कंस्यूमर को विशेष रूप से जागरूक होना चाहिए और संबंधित गाईडलाइंस को ध्यान से पढ़ना चाहिऐं तभी शोषण से बचा जा सकता है। संस्था के ग्रुप डायरेक्टर राघव मोदी ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वह कंज्यूमर प्रोटक्शन से संबंधित नई-नई विधियों व निर्णयों की संपूर्ण जानकारी प्राप्त करें और उसे अपनी दिनचर्या में लाएं और आम व्यक्ति को भी जागरूक करें ताकि वह शोषण से बच सकें।

## चिकित्सा शिविर में 230 लाभान्वित

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वाधान में आयुष्मान आरोग्य मंदिर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टिपटा द्वारा बजरंग बस्ती शिव मंदिर किशोरपुर टिपटा में नि:शुल्क आउटरीच चिकित्सा एव परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। कैम्प प्रभारी डॉक्टर आसिफ हुसैन, जनरल फिजिशियन एवं पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉ.अक्षय सक्सैना, वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजना रायजादा ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में स्थानीय पार्षद धीरेन्द्र चौधरी ने वार्डवासियों को शिविर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कैंप प्रभारी नवीन जैन ने बताया कि कैम्प में आए लोगों को महिलाओं और मौसमी बीमारियों डेंगू, मलेरिया, स्वाइन फ्लू के प्रति जागरूक किया। इस दौरान डेंगू के बारे में लार्वा प्रदर्शनी लगाई और मरीजों की आभा आई डी बनाई गई। कैंप में 230 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं दी गई। जिसमें 102 महिलाएं,-पुरुष,-109 बच्चों, 19 व्यक्तियों की एनसीडी स्क्रीनिंग, गर्भवतियों महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओ से लाभान्वित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रामगंजमंडी में पर्वाधिराज पर्युषण पर्व की शुरुआत

■ धर्म में श्रद्धा हो तो उसका फल जरूर मिलता है : स्वाध्यायी किशोर सर्राफ

**रामगंजमंडी** (निसं)। शहर के बाजार नम्बर 03 स्थित श्री आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर में 31 अगस्त शनिवार से पर्वाधिराज पर्युषण पर्व की शुरुआत हुई। पर्युषण पर्व में धर्म आराधना करवाने के लिए महाकौशल श्री संघ छत्तीसगढ़ से स्वाध्यायी किशोर सर्राफ एवं उनकी धर्मपत्नी स्वाध्यायी कल्पना सर्राफ रामगंजमंडी श्री संघ की विनती पर आये।

शनिवार से प्रारंभ पर्युषण पर्व में प्रात: 05.30 बजे प्रतिक्रमण 06.00 बजे भक्तामभर पाठ 06.30 बजे पक्षाल 07.21 बजे स्नात्र पूजन और प्रात: 09.00 बजे प्रवचन हुए। प्रवचन में स्वाध्यायी किशोर सर्राफ ने नवकार मंत्र की विशेषता बताते हुए कहा कि नवकार मंत्र में व्यक्ति को नहीं शक्ति को नमन किया है।पर्वों में सबसे श्रेष्ठ पर्युषण पर्व को बताया-आरम्भ और सभारम्भ के त्याग का नाम ही पर्युषण है।

वर्षाकाल के चार महीने जिसे चातुर्मास कहा जाता है उसमें जैन साधु साध्वी एक जगह पर स्थिर हो जाते हैं। इसका मुख्य कारण है जीव हिंसा से बचना। स्वाध्यायी किशोर सर्राफ ने कहा कि धर्म मे श्रद्धा हो तो उसका फल जरूर मिलता है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को चार महीनों में संसार की जाजम को छोड़कर धर्म आराधना करने की नसियत दी और जमीकन्द व रात्रि भोजन का त्याग करने प्रेरित किया। साथ ही मांसाहार और शराब के आजन्म सौंगध लेने की सीख दी और कहा कि किसी भी नियम की प्रतिज्ञा लेने के बाद चाहे प्राण चले जाएं पर प्रतिज्ञा नहीं टूटनी चाहिए। प्रतिज्ञा भी हमेशा गुरु से लेनी चाहिए।

चातुर्मास के श्रृंगार-स्वाध्यायी कल्पना सर्राफ ने सामायिक प्रतिक्रमण, पोषध, परमात्मा पूजन, स्नात्र पूजन, परमात्मा विलेपन, ब्रह्मचर्य पालन, दान और तपस्या को चातुर्मास के श्रृंगार बताए। सामायिक से जीवन मे समता आती है और आत्मा को पापों से बचाने का कार्य प्रतिक्रमण करता है। दोपहर में 02 बजे भगवान महावीर स्वामी की पुजा और रात्रि को 08 बजे संगीतमय प्रभु भजन से भक्ति हुई।

श्री संघ अध्यक्ष राजकुमार पारख ने बताया कि शनिवार को प्रवचन प्रभावना भगवान की आंगी एवं भगवान महावीर स्वामी पूजन के लाभार्थी सज्जनसिंह सुभाष कुमार बाफना परिवार रहे। शुक्रवार को साधर्मिक भक्ति के लाभार्थी हीरालाल डांगी परिवार और शनिवार को साधर्मिक भक्ति के लाभार्थी पुरषोत्तम मोरावाल परिवार रहे। अंत मे पारख ने बताया कि पर्युषण पर्व के पहले दिन बड़ी संख्या में जैन समाज के पुरुषों व महिलाओं की उपस्थिति रही।

# खेल हमारे मानसिक, शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है : कुलपति

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा में राष्ट्रीय खेल सप्ताह के उपलक्ष्य मे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 26 अगस्त से 31 अगस्त, 2024 तक अलग-अलग खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर एस.के. सिंह ने बताया कि सभी को खेल गतिविधियों में भाग लेना चाहिऐं क्योंकि खेल हमारे मानसिक, शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है और यह हममें स्वस्थ बने रहने की क्षमता देते हैं। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है और हमें सकारात्मक सोच प्रदान करता है तथा अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में सामूहिक रूप से काम करना सिखाता है।

इस अवसर पर डीन फैकल्टी अफेयर्स प्रोफेसर दिनेश बिरला ने बताया कि खेल हमारे जीवन में शारीरिक और बौद्धिक विकास, बहुमुखी विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने फिट नागरिक तो फिट इंडिया के मंत्र की उपयोगिता को बताया। खेल सप्ताह के कार्यक्रम में अनेकानेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहित और ऊर्जावान तरीके से भाग लिया। खेल सप्ताह के दौरान क्रिकेट, रिले रेस, बैडमिंटन, वॉली बॉल, हॉकी, लेमन रेस, खो-खो, डोज बॉल, टेबल टेनिस, कबड्डी, सतरंज, रस्साकशी आदि खेल करवाए गये।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के नाम प्रसिद्ध खिलाड़ियों के नाम पर रखे गये। एनएसएस विभाग द्वारा फिट इंडिया की शपथ सभी एनएसएस विद्यार्थियों को दी गई। एनएसएस चीफ कॉ-ऑर्डिनेटर डॉ.राजेश भट्ट ने बताया कि खेल के द्वारा शारीरिक और मानसिक विकास होता है, यदि नागरिक स्वस्थ होगा तो देश उन्नति की ओर बढ़ेगा। इस कार्यक्रम आयोजन में सहयोग के लिए उन्होंने विश्वविद्यालय के खेल विभाग का भी आभार जताया। छात्र समन्वय मुकेश पटेल, श्रेष्ठा शर्मा सुभाष मेघवाल शक्ति सिंह मीणा, अंकित यादव एवं अनेक अन्य छात्रों का का खेल सप्ताह के कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता आज से

**कोटा,** (निसं)। 68वीं जिला सब जूनियर जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता प्रारंभिक शिक्षा विभाग द्वारा 1 से 3 सितंबर तक महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय महावीर नगर प्रथम के हैंडबॉल मैदान पर आयोजित होगी। शाला क्रीड़ा संगम हैंडबॉल कोच एवं भामाशाह प्रेरक नीता डांगी ने बताया कि 14 वर्ष की छात्र टीम को समाजसेवी, भामाशाह एवं राजरानी ग्रुप के चेयरमैन डॉ.के.पी. सिंह द्वारा स्पोर्ट्स किट, खेल गणवेश प्रदान किया गया और खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी की गई। इस अवसर पर शाला क्रीड़ा संगम के प्रभारी सुनील गुप्ता सर और महावीर नगर प्रथम की वाईस प्रिंसिपल पूर्णिमा, हैंडबॉल कोच नीता डांगी, अविनाश सिंह, इंद्रजीत शर्मा एवं कई खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## नर्सिंग अधीक्षक का स्वागत

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान रेडियोग्राफर एसोसिएशन ने नव-नियुक्त अधीक्षक नवीन चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज कोटा, डॉ आशुतोष शर्मा एव नर्सिंग अधीक्षक महेश गौतम का स्वागत किया। राजस्थान रेडियोग्राफर एसोसिएशन जिला कोटा द्वारा माल्यार्पण कर दोनों पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

## तार पर लटका मिला कोबरा सांप

**कोटा,** (निसं)। शहर के आवंली रोजड़ी एरिया के कबीर आश्रम के नजदीक 4 फीट लंबे कोबरा का रेस्क्यू किया गया है। यह कोबरा सुरेंद्र कुमार मीणा के घर पर पहुंच गया था और तार पर लटका हुआ था। घर पर मौजूद ममता बाई ने बताया कि वे चार सदस्य घर में रहते हैं। जब वो बर्तन धोने के लिए जा रही थी तो उन्हें तेज आवाज आई और जब देखा तो कपड़े सुखाने वाले तार पर लटका हुआ है। सूचना पर स्नैक कैचर गोविंद शर्मा ने कोबरा का रेस्क्यू किया।

# पोस्टमैनों की बीट कम करने पर डाककर्मी हुये आन्दोलनरत

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान डाक प्रशासन के अधिकारीयों द्वारा कोटा शहर के दस वितरण डाकघरों में से डाक वितरण व्यवस्था बंद कर सम्पूर्ण कोटा शहर में दो डाकघरों से कराये जाने एवं साथ ही पोस्टमैनों की बीटें 79 में से आधी से कम करने की कार्य योजना को लेकर डाककर्मीयों में रोष व्याप्त हैं।

पोस्टमैनों की बीटे कम किये जाने के विरोध में नई धान मण्डी प्रधान डाकघर में सभी पोस्टमैनों द्वारा बैठक आयोजित कर विरोध जताया गया। भारतीय डाक कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि प्रशासन द्वारा अभी नयापुरा, रामपुरा, नई धानमण्डी डाकघर में पोस्टमैनों की बीटे पहले कार्यरत पोस्टमैनों से आधी कर दी है जिसके कारण डाक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

साथ ही पोस्टमैन सुबह आठ बजे से शाम छ बजे तक डाक बांट रहा है फिर भी क्षेत्र अधिक होने से डाक बंट पाना सम्भव नही पा रहा है जिसके कारण डाकघरों में पेडिग डाक की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। कोटा शहर में नये पोस्टमैन लगाने की आवश्यकता है लेकिन प्रशासन कार्यरत पोस्टमैनों की संख्या को ही आधी से कम कर रहा है जिसके कारण कोटा शहर की डाक व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ना प्रारम्भ हो गया है।

डाकघर बचाओं संघर्ष समिति के सह संयोजक जगदीश पंचौली द्वारा प्रशासन से शीघ्र ही कोटा शहर में पोस्टमैन घटाने की बजाय बढ़ाने की मांग की गयी। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश जैन द्वारा संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखकर कोटा शहर में कम से कम 120 पोस्टमैन लगाये जाने की मांग की है। डाककर्मीयों द्वारा शनिवार को बैठक कर आगे के आन्दोलन की रूपरेखा बनायी गयी। बैठक के दौरान जगदीश पंचौली, दिलीप शर्मा, नवीन शर्मा, महेन्द्र राठौड़, मुकेश शर्मा, अरूण कुमार शर्मा सहित अनेकों पोस्टमैन शामिल हुये।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम शरनजीत उत्तम सिंह राजू से बदलकर नया नाम सिमरनजीत कौर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-सिमरनजीत कौर पत्नी हरनिन्दर सिंह अटवाल, सिख वाली सहरिया बस्ती चेनपुरा सुंडा बारां

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम गुरविन्दर कौर पत्नी कुलबीर सिंह से बदलकर गुरविन्दर कौर अहलुवालिया पत्नी कुलबीर सिंह अहलुवालिया रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-गुरविन्दर कौर अहलुवालिया पत्नी कुलबीर सिंह अहलुवालिया मकान नम्बर 70 वल्लभबाडी कोटा

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम MATEEN KHAN से बदलकर नया नाम MATIN KHAN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-मतीन खान पुत्र कय्युम खान कय्युम रोलिंग शटर मंडी समिति मकानों के सामने छावनी कोटा


# सतोलिया में आजमाया हाथ, छुपन छुपाई में कौशल दिखा

■ पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

■ शिक्षकों ने भी ताजा की बचपन की यादें

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाईड स्थानीय संघ कोटा दक्षिण के ग्रुप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आवासन मण्डल केशवपुरा की ओर से शनिवार को दूसरे दिन भी विभिन्न पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए आनंद उठाया। वहीं शिक्षकों ने भी बचपन की यादें ताजा की।

स्काउट गाईड प्रभारी प्रकाश जायसवाल ने बताया कि कार्यवाहक प्रधानाचार्य कमलेश जिंदल के मार्गदर्शन में पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत सतोलिया, कंधाबोरी, छुपन-छुपाई, चंगा पो सरीखे पारम्परिक खेलों का आयोजन किया गया। इस दौरान जीवन में खेलों का महत्व विषय पर संगोष्ठी भी आयोजित हुई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कमलेश जिंदल ने कहा कि हम इस कहावत से अच्छे स्वास्थ्य का महत्व सीख सकते हैं "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग होता है।" खेल हमें आज्ञा पालन करना सिखाते हैं और शरीर को आज्ञा देना भी सिखाते हैं।

साथ ही, यह हमें लक्ष्य प्राप्त करने के लिए एक टीम के रूप में काम करना सिखाता है। प्रकाश जायसवाल ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं हमारे युवाओं को सोशल मीडिया के बंद दायरे से बाहर मैदान की ओर खींचकर लाती हैं। जहां वह अपना पसीना बहाता है और शरीर को बलिष्ठ बनाता है, मन को भी पुष्टि मिलती है। शारीरिक और मानसिक मजबूती से उसके भीतर आत्मविश्वास आता है। वह देश और समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनता है। जीवन में धैर्य और अनुशासन से ही व्यक्ति सफल हो पाता है और खेलों में भी धैर्य और अनुशासन ही जीत की पूंजी है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक प्रवीण शर्मा, सह संयोजक मीनाक्षी महावर व नीलम पारेता ने उल्लेखनीय सहयोग प्रदान किया।

# बूंदी स्टेशन पर वन्दे भारत एक्सप्रेस को ठहराव मिला

**कोटा,** (निसं)। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं पर्यटक स्थलों को जोड़ने के उद्देश्य वन्दे भारत ट्रेन का संचालन कोटा होकर उदयपुर सिटी-आगरा कैंट-उदयपुर सिटी के बीच 02 सितम्बर से किया जा रहा है। आमजनता की मांग पर वंदे भारत ट्रेन का बूंदी स्टेशन पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है। कोटा मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य/जन सम्पर्क अधिकारी ने बताया कि गाडी संख्या 20981 उदयपुर सिटी-आगरा कैंट वन्दे भारत एक्सप्रेस उदयपुर सिटी से सुबह 05.45 बजे प्रस्थान कर, राणा प्रतापनगर 05.52 बजे आगमन, मावली 06.24 बजे आगमन, चंदेरिया 07.41 बजे आगमन, बूँदी 09.08 बजे आगमन, कोटा 09.50 बजे आगमन, सवाई माधोपुर 11.00 बजे आगमन एवं गंगापुर सिटी 11.43 बजे आगमन कर दोपहर 14.30 बजे आगरा कैंट पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 20982 आगरा कैंट-उदयपुर सिटी वन्दे भारत एक्सप्रेस आगरा कैंट से 15.00 बजे प्रस्थान कर 'गंगापुर सिटी 16.53 बजे आगमन, सवाई माधोपुर 17.38 बजे आगमन, कोटा शाम 19.00 बजे आगमन, बूँदी 19.38 बजे आगमन, चंदेरिया 21.35 बजे आगमन, मावली 22.35 बजे आगमन, राणा प्रतापनगर 23.12 बजे आगमन कर उदयपुर सिटी रात 23.45 बजे पहुँचेगी। यह नई वन्दे भारत दोनों दिशाओं में 02 सितम्बर से त्रि-साप्ताहिक रूप में सोमवार, गुरूवार एवं शनिवार को संचालित होगी।

## 300 वृद्धों ने स्वास्थ्य शिविर में निःशुल्क इलाज प्राप्त किया

**कोटा,** (निसं)। सिकसेम की ओर से केशवपुरा केन्द्र पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। संचालक यश सोनी ने बताया सिकसेम द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के अनुसार कई बीमारियों से निजात दी जाती है। शनिवार को आयोजित शिविर में 300 वृद्धजनों ने स्वास्थ्य जागरूकता प्राप्त कर निशुल्क ईलाज प्राप्त किया। सिकसेम कंपनी के सीईओ नितिन कतलोकर ने स्वास्थ्य जागरूकता माह का शुभारंभ किया और लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के बारे में समझाया।

उन्होंने बताया कि मसाज, एक्यूप्रेशर, कायरोप्रेक्टिकष् तथा इन्फ्रारेड रेस जैसे प्राकृतिक सिद्धांतो पर आधारित हिटिंग मैट डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, थायराइड, हार्ट प्रोब्लम, घुटने दर्द, कमर दर्द, हाथ पैरों में सुन्नपन, लकवा, गठिया जैसी समस्याओं में लाभप्रद है। संचालक यश सोनी ने बताया सिकसेम कंपनी पूरे भारत में लगभग 50 केंद्र के माध्यम से प्रतिदिन हजारों लोगों को नि:शुल्क के स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रही है।

# स्कूटी चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी की स्कूटी बरामद

**बूंदी** (निसं)। कोतवाली थाना पुलिस बूंदी द्वारा कार्यवाही करते हुये बूंदी शहर में आजाद पार्क के पास से स्कूटी चोरी के मामले में चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की एक स्कूटी बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बतायाकि फरियादी कन्हैया लाल सोनी निवासी देवपुरा पेट्रोल पंप के पीछे देवपुरा की रिपोर्ट ओर कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस टीम द्वारा शहर के सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुये स्कूटी चोरी मामले में दो आरोपी वारिस खान पुत्र वाहिद उम्र 27 साल निवासी बीड के बालाजी, बिलाता रोडा गिरधरपुर थाना कुन्हाडी कोटा व राजेश मेवाडे पुत्र शिवनारायण मेवाडे (38) निवासी 37/1 संकटमोचन कॉलोनी, दरगाह के पास, ब्यावरा रोड राजगढ़ थाना राजगढ जिला राजगढ एम.पी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की स्कूटी भी बरामद की है।



कोतवाली थाना पुलिस बूंदी ने स्कूटी चोरी के मामले में दो जनों को गिरफ्त में लिया।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

महावीर नगर शाखा, कोटा, राजस्थान 324005
फोन नं. : 0744-2434100, ई-मेल: makota@bankofbaroda.com

**मांग सूचना-सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत**

निम्नांकित ऋणियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उन्होने बैंक से लिए गए ऋण की किश्तों एवं उसके ब्याज का समय पर भुगतान नहीं किया अत: उनका खाता एन.पी.ए. में वर्गीकृत हो गया हैं। बैंक द्वारा सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के तहत उनको बैंक रिकॉर्ड के अनुसार उनके अन्तिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे जो कि उनके द्वारा प्राप्त नहीं किए जाने के फलस्वरूप पुन: लौटकर आ गए हैं। अत: उनको इस सामान्य नोटिस के द्वारा उक्त अधिनियम के तहत इस बारे में सूचित किया जाता है:

| ऋणियों का नाम एवं पता | प्रतिभूत आस्तियों/ दृष्टिबंधक चल सम्पत्ति का विवरण | नोटिस 13( 2 ) की दिनांक | बकाया राशि ( नोटिस 13( 2 ) के अनुसार ) |
|---|---|---|---|
| के.पी. ग्रुपएण्ड कार्गो मूवर्स प्रोपराईटर श्री बाबूराम ( गुर्जर ) पुत्र श्री स्वरूपसिंह प्रथम तल, अर्जुन टॉवर, क्लासिक सैलून के ऊपर, हैट रोड़, कोटा जंक्शन, कोटा, राजस्थान 324001 एवं दुकान नं. 54, द्वितीय तल, माणक भवन कॉम्पलेक्स, गुमानपुरा, कोटा, राजस्थान 324007 प्रोपराईटर- श्री बाबूराम ( गुर्जर ) पुत्र श्री स्वरूपसिंह गली नं. 10, सरस्वती कॉलोनी, रोटेडा रोड़, रंगपुर रोड़, किशनपुरा टाकिया, कोटा, राजस्थान 324002 | दृष्टिबंधक वाहन रजिस्ट्रेशन नं. RJ20-GC-3562, टाटा मोटर्स लिमिटेड़, वाहन मोडल- TATA SIGNA 5530.S BS-VI, ईंधन- डीजल, बॉडी टाइप- ट्रेलर, कलर- टाईटेनियम व्हाईट, चेचिस नं MAT828046P2J24035, इंजन नं.- B6.7B62300D02132J64325920 हाईपोथिकेशन की दिनांक - 24.01.2024 | 12.08.2024 गैर निष्पादक आस्ति ( एनपीए ) दिनांक 09.07.2024 | दिनांक 12.08.2024 को बकाया राशि रू. 51,26,061.10 ( रूपये इक्यावन लाख छब्बीस हजार इकसठ एवं पैसे दस मात्र ) ( दिनांक 10.08.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चे आदि। |

इस नोटिस के द्वारा उक्त ऋणियों के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही करते हुए उक्त उधारकर्ताओं को उक्त बकाया राशि इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से साठ ( 60 ) दिवस के भीतर पुनर्भुगतान हेतु आगाह किया जाता है, अन्यथा साठ ( 60 ) दिवस की समाप्ति के पश्चात सरफेसी अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अन्तर्गत वसूली कार्यवाही की जाएगी। ऋणियों को यह भी सलाह दी जाती हैं कि वे बैंक के अधोहस्ताक्षरकर्ता/प्राधिकृत अधिकारी से किसी भी कार्य दिवस पर 13( 2 ) के अन्तर्गत जारी नोटिस की मूल प्रति प्राप्त कर लेवें। कर्जदारों का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

दिनांक: 31.08.2024
स्थान: कोटा

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी



**कार्यालय नगर पालिका, हिण्डोली, जिला बून्दी ( राज. )**

क्रमांक:-न.पा.हि./2023-24/319 दिनांक-29.8.24

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका हिण्डोली में 90 क कृषि भूमि रुपांतरण पश्चात स्वीकृत ले-आउट प्लान में स्थित भूखंडों का खातेदारों द्वारा हस्तांतरण किए जाने के फलस्वरुप 90 क अंतर्गत पट्टा बनाये जाने हेतु प्राप्त आवेदन में यदि किसी हितधारक को आपत्ति हो तो अंदर 7 योम में अधोहस्ताक्षर कर्ता के समक्ष युक्तियुक्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करवा सकता है, अन्यथा बाद मियाद पट्टा बना दिया जावेगा।

| क्र. सं. | नाम | पता | भूखंड | कोलोनी/खसरा स. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भोजराज मीणा आ. सेवा लाल मीणा | नेत तह. हिण्डोली जि. बूंदी | भूखंड सं.-18 ब्लॉक-B | 1954,1955 |
| 2 | मानसिंह आ. सुरपाल | नेत तह. हिण्डोली जि. बूंदी | भूखंड सं.-07 ब्लॉक-B | 1956,1957 |
| 3 | अशोक कुमार सैनी आ. शिवजी लाल | घाना का पाड़ा हिण्डोली जि. बूंदी | भूखंड सं.-20 ब्लॉक-B | 1960,1961 1962,1963 |
| 4 | शंकर लाल मीणा आ. मोती लाल मीणा | सुखपुरा ग्रा.प. मेंडी तह. हिण्डोली जि. बूंदी | भूखंड सं.-24 ब्लॉक-B | 1964,1965 महावीर नगर ब्लॉक-B |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका हिण्डोली

## सार-समाचार

### विभिन्न खेलों का आयोजन

**रावतभाटा,** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धांगड़माऊ कला में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य मे आयोजित खेल सप्ताह के अंतिम दिन पुल-अप, प्लैंक, रुमाल झपट्टा, शतरंज का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया, शारीरीक शिक्षक मनोज सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान लक्ष्मण भील 16 पुल-अप, द्वितीय रामकिशन भील 14 पुल-अप, ओमप्रकाश भील 13 पुल-अप रहे। जूनियर वर्ग में प्रथम प्रिंस धाकड 12 पुल-अप, रोहित माली, प्रहलाद गरासिया, अंकित मेहर ने बराबर 10 पुल-अप लगाए। रुमाल झपट्टा में छात्रा वर्ग में प्रथम कक्षा 8 रही द्वितीय कक्षा 7 रही विजेता टीम अभिलाषा जैन, नीतिका प्रजापत, चंदू, अन्नू, पूजा, राधिका, उर्मिला, छात्र वर्ग में प्रथम कक्षा 8 अ रही, द्वितीय कक्षा 8 ब रही। विजेता टीम कार्तिक सैन, धनराज कंजर, देवराज राठौर, अंकित सैन, बलवंत हवलदार, कैलाश शतरंज में प्रथम कुणाल बैरागी, द्वितीय अंकित धाकड़ रहे। प्लैंक में जूनियर छात्र वर्ग में प्रथम मेमरीया कंजर, द्वितीय अर्जुन मेघवाल, तृतीय भरत मेघवाल छात्रा वर्ग में अंजली बैरागी, जिया प्रजापत, उर्मिला, सीनियर छात्र वर्ग में प्रथम प्रहलाद गरासिया, सतपाल भील, संजय कलाल छात्रा वर्ग में प्रथम प्रतिज्ञा रैगर, द्वितीय धापू धाकड़ खेल सप्ताह का समापन उप प्रधानाचार्य नीलम शर्मा ने छात्र छात्राओं को फिट इंडिया की शपथ दिलाकर की। निर्णायक मंडल में दिनेश लबाना, राकेश मीणा, शुभम उपाध्याय, गुड्डी मीणा ने सहयोग किया आभार व्याख्याता बजरंग लाल सुथार ने व्यक्त किया।

### पशुगणना के लिए प्रशिक्षण दिया

**झालावाड़** (निसं)। 21वीं पशुगणना हेतु शुक्रवार को पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केन्द्र झालरापाटन में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें जिले के 116 प्रगणक एवं 23 सुपरवाईजरों ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख प्रेम बाई दांगी रही। इस दौरान विशिष्ठ अतिथि पंचायत समिति झालरापाटन प्रधान भावना झाला ने उपस्थित प्रगणकों एंव सुपरवाईजरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पशुपालन विभाग के कार्मिक पशुगणना के कार्य में भाग लेकर किसानों की आय दुगुनी करने के संकल्प में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पशुगणना का कार्य काफी महत्वपूर्ण है तथा सही पशुगणना किया जाना आवश्यक है। जिससे पशुपालन से संबंधित विभागीय योजनाओं की क्रियान्वति में लाभ मिलता है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. टी. ए. बन्सोड ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को भारत सरकार द्वारा सम्पादित की जाने वाली 21वीं पशुगणना में सहयोग करने का आ ान किया। इस अवसर पर नाबार्ड के उपमहाप्रबन्धक वासुदेव मीणा, पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केन्द्र झालरापाटन के निदेशक एल. एल. मीणा व आरसेटी के निदेशक चन्द्रशेखर सुमन, पूर्व उप जिला प्रमुख भागचन्द दांगी उपस्थित रहे। इस दौरान पशुचिकित्सा अधिकारी मास्टर ट्रेनर डॉ. उमेश जिन्दल द्वारा प्रगणकों एवं सुपरवाईजरों को प्रशिक्षण दिया गया। अन्त में उपनिदेशक पशुधन विकास डॉ. चन्द्रप्रकाश सेठी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### निष्पादन समिति की बैठक सम्पन्न

**छबड़ा** (निसं)। एसडीएम के निर्देशन व सीबीईओ ओमप्रकाश गालव की अध्यक्षता में ब्लॉक निष्पादन समिति की बैठक पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में उप प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश गुप्ता की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। जिसमें ब्लॉक के 27 पीईईओ और यूसीईईओ मौजूद थे। संदर्भ व्यक्ति शंकरलाल नागर व चिंकी गालव के अनुसार बैठक में पीईईओ, यूसीईईओ के साथ प्रवेशोत्सव कार्यक्रम, ब्लॉक रैंकिंग, विद्युत कनेक्शन, विद्यालय अतिक्रमण, पीएमश्री विद्यालय, जवाहर नवोदय प्रवेश आवेदन, जर्जर भवन, प्रार्थना कार्यक्रम, शुद्ध पेयजल, आ सीटी लेब, उड़ान, आयरन टेबलेट, केजीबीवी, मिशन स्टार्ट, सिविल वर्क, वृक्षारोपण, अतिक्रमण, एमडीएम, बाल गोपाल दुग्ध योजना, शाला दर्पण कार्य, निःशुल्क यूनिफार्म, निःशुल्क वर्क बुक, छात्रवृत्ति, आधार, जनाधार, विद्यालय शिक्षण कार्य, समय सारणी, विद्यालय में कार्य विभाजन, स्वास्थ्य सर्वे की स्थिति, युडाइस कार्य, शाला दर्पण मॉड्यूल का अपडेशन, स्टॉफ़ ओर विद्यार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति आदि पर विस्तृत चर्चा की। आगामी ब्लॉक निष्पादन बैठक संभावित तिथि 11 सितम्बर को रखने की घोषणा की। बैठक में स्काउट सचिव घनश्याम भार्गव और एनएसएस के पूर्व प्रभारी बाबूलाल सुमन भी मौजूद थे।

### पार्षद ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

**छबड़ा** (निसं)। पार्षद एडवोकेट हस्सान खान ने शनिवार को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर विधायक रफ़ीक खान पर हुए जानलेवा हमले की कडे शब्दों में निंदा की। पार्षद खान ने पत्र में हाल ही में आदर्श नगर के विधायक, मुख्य सचेतक व राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष रफीक खान पर हुए जानलेवा हमले की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए लिखा कि आज प्रदेश में कानून व्यवस्था वेंटीलेटर पर है। जिस प्रकार एक विधायक पर जानलेवा हमला हो सकता है तो प्रदेश की जनता खुद को कितना ही सुरक्षित महसूस करती होगी, यह चिंतनीय प्रश्न है। जब राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष पर ही जानलेवा हमला हो सकता है तो प्रदेश के अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों में भी भय व्याप्त है कि ऐसी अनहोनी घटना उनके साथ कब घटित हो जाए, यह अनुमान लगा पाना मुश्किल है। खान ने मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाकर विधायक पर हमला करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**झालावाड़** (निसं)। राज्य के हाथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से हर वर्ष की भांति राज्य सरकार के इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी बुनकरों को नगद पुरस्कार देने का प्रावधान किया गया है। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक अमृतलाल मीणा ने बताया कि जिला स्तरीय पुरस्कार हेतु जिले की सीमा में कार्यरत हाथकरघा पर बुनाई कार्य करने वाले बुनकर जो पिछले 3 वर्षों से कार्य कर रहे है तथा जिन्हें गत तीन वर्षों से इस पुरस्कार के लिए चयनित नहीं किया गया है वे पात्र हाथकरघा बुनकर अपना आवेदन पत्र 30 सितम्बर 2024 तक जिला उद्योग केन्द्र एवं वाणिज्य केन्द्र झालावाड़ में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र उक्त कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

### 'कोचिंग देने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी चार सितम्बर तक आवेदन करें'

**झालावाड़** (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जिले में संचालित राजकीय छात्रावासों में आवासित कक्षा 9 से 12 के छात्र-छात्राओं को गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय की कोचिंग हेतु संचालित विद्या सम्बल योजनान्तर्गत कोचिंग देने हेतु इच्छुक सेवानिवृत कार्मिक एवं निजी अभ्यर्थी 4 सितम्बर 2024 तक मय दस्तावेजों के आवेदन संबंधित छात्रावासों में कर सकते हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक रामनिवास यादव ने बताया कि इच्छुक आवेदक को निर्धारित प्रारूप में शैक्षिणक योग्यता के साथ आवेदन करना होगा। जिले के सभी छात्रावासों के लिए पृथक-पृथक आवेदन करने होंगे एवं चयनित अभ्यर्थियों को नियमानुसार मानदेय प्रदान किया जाएगा।

### शिविर आयोजित

**मांगरोल** (निसं)। कस्बे में रविवार को विशाल निःशुल्क निवारण शिविर परम पूज्य परम पूज्य वैध संत श्री रावल बाबा के सानिध्य में हिंदू सार्वजनिक धर्मशाला मांगरोल में एक सितंबर से 17 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। शिविर नौ बजे से 5 बजे तक शिविर में सभी प्रकार के रोग जैसे लकवा पोलियो दमा, श्वस टी वी,अल्सर, पेट के रोग पाईल्स (मस्सा) जोडों के दर्द साइटिका मिर्गी थायराइड चर्म रोग सफेद दाग सोरायसिस आंखों के रोग शुगर व मानसिक रोगी कैंसर एवं महिलाओं व पुरुषों के गुप्त रोग एवं बांझपन का ईलाज आयुर्वेदिक जड़ी बूटियां द्वारा किया जाए जाता है रोगी दवा पीने के लिए गिलास साथ में लावे।

### 32 आशार्थियों का प्रारंभिक चयन

**झालावाड़** (निसं)। कौशल, रोजगार एवं उद्यिमता विभाग झालावाड़ की ओर से शुक्रवार को स्थानीय जिला रोजगार कार्यालय परिसर में एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित किया गया जिसमें लगभग 100 बेरोजगार आशार्थियों ने भाग लिया। जिला रोजगार अधिकारी अजय व्यास ने बताया कि उक्त आयोजित केम्पस प्लेसमेन्ट शिविर में चेतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्रा.लि. कोटा द्वारा कस्टमर रिलेशनशिप एक्जीक्यूटिव के पदों पर 32 आशार्थियों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया।

# स्वच्छता, पर्यटन और अंडर ग्राउंड पार्किंग प्राथमिकता : सभापति

**बूंदी** (निसं)। नगर परिषद की नवनियुक्त सभापति सरोज अग्रवाल ने शनिवार को विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात सभापति का पदभार ग्रहण किया। अधीक्षण अभियंता अरुणेश शर्मा ने सभापति सरोज अग्रवाल को पदभार संभलाया।

नवनियुक्त सभापति अग्रवाल ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी मिली है उसका मैं पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगी मेरा प्रथम प्रयास शहर को स्वच्छ रखने का रहेगा और शहर में जगह-जगह जो गोवंश घूम रहे हैं उनको गौशालाओं में पहुंचाया जाएगा। बूंदी शहर को पर्यटन नगरी के नाम से जाना जाता है तो पर्यटन विकास के भी नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है जिसके माध्यम से शहर का संपूर्ण विकास करवाया जाएगा।

नगर परिषद के सभी कार्मिकों को साथ लेकर कार्य करूंगी। उन्होंने कहा कि मेरा सपना है की बूंदी स्मार्ट सिटी बने उसके लिए पूरे प्रयास करूंगी और वाहनों की सुविधा के लिए अंडरग्राउंड पार्किंग भी बनाना मेरा सपना है । शहर के सभी 60 वार्डों में समानता के अनुरूप कार्य किया जाएगा। किसी भी जनप्रतिनिधि के साथ पक्षपात नहीं होगा। जहां-जहां क्षेत्र में पानी की उचित व्यवस्था नहीं है वहां पर पानी की उचित व्यवस्था भी करवाई जाएगी जिससे जनता को परेशानी नहीं होगी । स्वच्छता को लेकर बूंदी का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा और बूंदी को एक नई पहचान देने का पूरा प्रयास करूंगी।



नगर परिषद की नवनियुक्त सभापति सरोज अग्रवाल ने पूजा-अर्चना के पश्चात पदभार ग्रहण किया।

पदभार ग्रहण करने के पश्चात नवनियुक्त सभापति अग्रवाल को बधाई देने वालों का नगर परिषद में ताता लग गया। नगर परिषद के बाहर कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए आतिशबाजी भी की। बीती रात जैसे ही सरोज अग्रवाल के सभापति बनने की सूचना बूंदी पहुंची तो कार्यकर्ताओं ने कोटा रोड पर आतिशबाजी कर जश्न मनाया। मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल का भी कार्यकर्ताओं ने और आम जन ने भी साफा बंधवाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान तालेडा उप प्रधान राधेश्याम गुर्जर, पूर्व सभापति महावीर मोदी, नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष मुकेश माधवानी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव, भाजपा नेता भरत शर्मा, महिला मोर्चा जिला महामंत्री रंजना जोशी, पार्षद बालकिशन सोनी ,रमेश हाडा, संदीप यादव, नवीन सिंह, मोइनुद्दीन अंसारी, रंजीत नायक, ओम जांगिड, कमलेश रेगर, मोनिका शेरगाडियां, भंवर कंवर, माला भूटानी, बबीता दाधीच, कल्पना सेन, मीना सैनी, सूरज बिरला, कविता कहार, भाजपा पूर्व शहर अध्यक्ष महावीर खंगार,निर्मल मालव, दिलीप सिंह, संजय भूटानी, राजेश शेरगड़िया, मोहन कराड, करण शंकर सैनी, शिवराज सिंह राजावत, लोकेश दाधीच, श्याम सैनी, सुरेश गुर्जर ,संचित अग्रवाल, मुकेश जोशी, भूपेंद्र सहाय सक्सेना, अशोक जैन सहित नगर परिषद के कर्मचारी, व्यापारी, जनप्रतिनिधि, आमजन और शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बीमारियों के प्रति जागरुक किया

**रामगंजमंडी**(निसं)। जिला कलेक्टर डॉ रविन्द्र गोस्वामी के निर्देश पर जिले में मौसमी बीमारियों की रोकथाम व नियंत्रण के लिए शनिवार को नो बैग डे पर 512 स्कूलों में 63988 विद्यार्थियों को मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया, चिकिनगुनिया आदि एवं स्क्रबटाइफस बीमारियों से बचाव, रोकथाम के प्रति चिकित्सा विभाग के कार्मिकों द्वारा जागरूक किया गया। लार्वा का प्रदर्शन कर मच्छरों के प्रजनन स्थल, मच्छर के जीवन चक्र आदि के बारे में जानकारी देते हुए। हर रविवार को सूखा दिवस मनाने के लिए प्रेरित किया गया। सीएमएचओ डॉ जगदीश कुमार सोनी ने बताया कि शनिवार को "स्वास्थ्य दल आपके द्वार" एवं "कामयाब कोटा बनाना है डेंगू को हराना है" अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के सर्वे दलों द्वारा अगस्त माह मे निकले डेंगू केस के घरों के आसपास रिपीट कार्यवाही में घरों में सघन एंटी लार्वा गतिविधिया की गई। इस दौरान टंकी, कूलर पक्षियों के परिंदे, फ्रिज के पीछे की ट्रे, गमले की ट्रे, छत पर कबाड़ आदि को चेक किया गया एवं लार्वा मिले कंटेनर को खाली कराया एवं टेमिफॉस डाली गई। साथ ही आमज़न एवं घर के सदस्यों को मच्छर के लार्वा का प्रदर्शन कर समझाया गया।

# अवैध बजरी का परिवहन करने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार



बून्दी पुलिस ने अवैध बजरी का परिवहन करने वाले अपराधियों को गिरफ्त में लिया।

**बून्दी** (निसं)। बून्दी पुलिस ने अवैध बजरी का परिवहन करने वाले 3 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर अवैध बजरी से भरे हुए तीन ट्रेलर व एक डम्पर जब्त किए।

पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया कि अवैध बजरी परिवहन करने पर अंकुश लगाने हेतु सभी थानाधिकारी को निर्देशित कर रखा है।

जिसके तहत कार्यवाही करते हुए रामेश्वर जाट थानाधिकारी तालेडा, मुकेश मीना पुलिस निरीक्षक डीएसटी प्रभारी, धर्माराम पुलिस उप निरीक्षक थानाधिकारी नमाना, सुरजीत सिंह पुलिस उप निरीक्षक थानाधिकारी थाना रायथल मय पुलिस टीम द्वारा अवैध बजरी का परिवहन करने वाले 3 शातिर अपराधी सहित बजरी से भरी हुए 3 ट्रेलर व 1 डम्पर बजरी से भरे हुए जब्त करने में सफलता अर्जित की।

# भगवान महावीर स्वामी सहित अन्य तीर्थकारों को कमलासन एवं चांदी के सिंहासनों पर विराजमान किया

**छबड़ा** (निसं)। दिगम्बर जैन मंदिर पर आयोजित भव्य धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान मुरैनाा से आए संजय भैय्या के सानिध्य में मूलनायक भगवान महावीर स्वामी सहित अन्य तीर्थंकरों को कमलासन एवं चांदी के सिंहासनों पर विराजमान करने का समारोह पूर्वक भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर भगवान की अभिषेक शांतिधारा, नित्य नियम, पूजा शांति-विधान सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सभी महिला-पुरुषों सहित बच्चों ने भी उत्साह से भाग लिया।

दिगम्बर जैन समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रकाशचंद लुहाडिया एवं महिला मंडल की अध्यक्ष डोली जैन के अनुसार शांति धारा की प्रथम बोली प्रकाशचंद, जितेंद्र कुमार, शैलेन्द्र लुहाडिया एवं दूसरी दीपचंद, आशा लुहाडिया ने लेकर शांति धारा करने का सौभाग्य प्राप्त किया। इसके बाद नित्य-नियम पूजा की ग एवं शांति-विधान का आयोजन किया गया व हवन यज्ञ का आयोजन कर हवन कुण्ड में 108 बार आहुतियां दी गई। इसके बाद जयकारों के साथ 53 साल पूर्व वेदी प्रतिष्ठा के दौरान विराजमान की ग । भगवान की सभी प्रतिमाओं को वेदी से बाहर लाया गया एवं सभी प्रतिमाओं को कमलासन एवं चांदी के सिंहासनों पर विराजमान किया गया।

यह भगवान विराजमान हुए कमलासन पर मुरैना से आए परम विद्वान पंडित संजय भैय्या के सानिध्य में मूलनायक भगवान महावीर स्वामी, जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी, 23वें तीर्थकर पार्श्वनाथ भगवान की दो प्रतिमाओं एवं 22वें तीर्थकर भगवान नेमीनाथ की प्रतिमा को कमलासन पर विराजमान मान किया गया।

मूलनायक भगवान महावीर स्वामी को कमलासन पर विराजमान करने का सौभाग्य पालिकाध्यक्ष कैलाशचंद जैन व पुत्र राकेश सीए, चेतन जैन व आदिनाथ भगवान को विराजमान करने का सौभाग्य प्रकाशचंद, जितेंद्र कुमार, शैलेंद्र लुहाडिया ने पार्श्वनाथ भगवान की एक प्रतिमा को विराजमान करने का सौभाग्य रिषभचंद, नरेंद्र कुमार, गौरव एवं शोरभ पाटनी ने तथा एक प्रतिमा को विराजमान करने का सौभाग्य दीपचंद आशा लुहाडिया तथा नेमीनाथ भगवान को शिखरचंद, अभिषेक कुमार एवं अतुल लुहाड़िया ने बोली लगाकर कमलासन पर विराजमान किया।

**इन्होंने चढ़ाएं चांदी के सिंहासनः-** समाज के स्वर्गीय पदमचंद पाटनी (अपने जीवन काल मे), प्रवीण कुमार, चीनू पांड्या, रिषभचंद पाटनी, देवेंद्र पाटनी, प्रेमचंद जैन पोरवाल (अपने जीवन काल मे), चंद्रप्रकाश लुहाड़िया, नीरज सेठी, धर्मचंद लुहाड़िया, मूलचंद जैन पोरवाल, कैलाशचंद जैन पोरवाल, स्वर्गीय महावीर लुहाड़िया (अपने जीवन काल मे), धर्मेंद्र अग्रवाल एवं रमेशचंद्र जैन पोरवाल ने चांदी के सिंहासनों पर भगवान की प्रतिमाओं को विराजमान किया।

# खेल सप्ताह के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ

**झालावाड़** (निसं)। युवा मामले एवं खेल विभाग राजस्थान तथा राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद् के तत्वावधान में जिला प्रशासन एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र द्वारा खेल सप्ताह के तहत् विभिन्न प्रतियोगिताएं यथा वॉलीबॉल, नींबू, चम्मच दौड, सेक रेस, बैडमिंटन, लंगडी, टेबल टेनिस, फुटबॉल, रैली, रस्साकसी, हॉकी, खो-खो, टेनिस बॉल क्रिकेट एवं प्लैंक चैलेंज का आयोजन किया गया। उक्त खेलों में सैकडों खिलाडियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

खेल सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को खो-खो तथा प्लैंक चैलेंज प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें कुल चार टीमों ने भाग लिया। पहला मैच द किड्स स्कूल तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महारानी बृज कुंवर के मध्य हुआ जिसमें द किड्स स्कूल विजेता रहा। दूसरा मैच राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाहर कॉलोनी तथा महिला शिक्षण विहार के बीच हुआ जिसमें महिला शिक्षण विहार की टीम विजेता रही।



झालावाड़ में खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया।

# पुत्र की हत्या के बाद मां ने भी फांसी लगा आत्महत्या की

■ गृह क्लेश से तंग आकर विवाहिता ने कदम उठाया

**छबड़ा** (निसं)। बापचा थाना क्षेत्र के बटावदापार गांव में शनिवार दोपहर को गृह क्लेश से तंग आकर विवाहिता ने अपने 11 माह के पुत्र की गला दबाकर हत्या कर दी और स्वयं ने साड़ी का फंदा लगाकर पंखे से झूलकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली।

पुलिस ने मृतका के भाई की रिपोर्ट पर पति के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को डिटेन कर लिया। डीएसपी जेपी अटल ने बताया कि बटावदा निवासी गोलू केवट का विवाह मध्यप्रदेश के गुना जिले के भमाद गांव में कलावती (25) के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही गोलू के चाल-चलन को लेकर दोनों में विवाद चला आ रहा था। आए दिन के विवाद व झगड़े आदि से परेशान होकर शनिवार दोपहर को कलावती ने अपने 11 माह के पुत्र मयंक की गला दबाकर हत्या कर दी और स्वयं साड़ी का फंदा लगाकर पंखे से झूल गई। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीण मयंक को लेकर निजी चिकित्सक के पास लेकर गए। परंतु, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की। मृतका के भाई ग्यारसीलाल ने दामाद गोलू के विरूद्ध अपनी बहन को आत्महत्या के लिए मजबूर किए जाने का प्रकरण दर्ज करवाया।

पुलिस ने मां-बेटे के शव को देर शाम छबड़ा सीएचसी की मोर्चरी में रखवा दिया जहां रविवार सुबह मेडिकल बोर्ड से दोनो का पीएम किया जाएगा। ससुराल में था पतिः- गोलू के ससुराल भमाद गांव में कथा चल रही है। शनिवार को गोलू उसकी पिकअप में ग्रामीणो को लेकर कथा श्रवण के लिए भमाद गांव ले गया था और पीछे से कलावती ने यह कदम उठा लिया।

## सार-समाचार

### भाजपा कार्यकर्ता से मारपीट का मामला

**छबड़ा** (निसं)। बापचा थाना क्षेत्र में राशन कार्ड में नाम जुड़वाने को लेकर भाजपा कार्यकर्ता व ग्राम विकास अधिकारी के बीच हुए विवाद में पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ता को थाने बुलाकर मारपीट की। पुलिस की इस कार्रवाई से भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया हैं। बापचा देहात मंडल अध्यक्ष उदयसिंह लोधा ने बताया कि खानाखेड़ी निवासी जगदीश लोधा पिछले कई दिनों से उनकी बहू का नाम राशन कार्ड में जुड़वाने के लिए ग्राम विकास अधिकारी कुलदीप सहरिया के चक्कर काट रहा था। मोबाईल पर बीडीओं सहरिया यहां-वहां होने की जानकारी देता था। जगदीश शुक्रवार सुबह जैपला में कुलदीप के घर हस्ताक्षर करवाने गया तो दोनो के बीच कहासुनी हो गई। इस पर कुलदीप ने जगदीश के विरूद्ध बापचा थाने में परिवाद दे दिया। इस पर बापचा थाने के एएसआई भगवानसिंह ने शनिवार को जगदीश लोधा को थाने बुला लिया और पुलिस कर्मी संदीप व कमलेश खांडे ने मारपीट कर उसे बंद कर दिया। बापचा थाने पहुंचे पूर्व सरपंच मुकेश नागर व भाजपा कार्यकर्ताओं के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने शनिवार शाम को उसे शांतिभंग के तहत तहसीलदार अभिषेक पारीक के समक्ष पेश किया। यहां से उसे जमानत कर रिहा किया गया। कोटरापार पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी कुलदीप सहरिया ने बताया कि जगदीश लोधा ने शनिवार सुबह उसके घर आकर अभद्रता की और जातिसूचक शब्दो से अपमानित किया। वही, उसके फार्म में दस्तावेज पूर्ण नही थें। जगदीश द्वारा अभद्रता किए जाने पर बापचा थाने में उसके विरूद्ध प्रकरण दर्ज करवाया है।

### दक्ष प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

**बून्दी** (निसं)। राष्ट्रीय शैक्षिक सर्वेक्षण 2024 हेतु दक्ष प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण डाइट बून्दी में संपन्न हुआ, यहां प्रशिक्षण प्राप्त दक्ष प्रशिक्षक विद्यालयों के शिक्षकों को ब्लॉक स्तर पर प्रषिक्षण देने का कार्य करेंगे। डाइट प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रषिक्षण परिषद् नई दिल्ली के निर्देशन में संपूर्ण देश के सरकारी, और मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के कक्षा तीन, छ और नौ के विद्यार्थियों का शैक्षिक सर्वेक्षण होगा। इस शैक्षिक सर्वेक्षण के द्वारा विद्यालयों के शैक्षिक स्वास्थ्य जांच द्वारा एकत्र आंकडों का सरकारी स्तर पर परीक्षण कर छात्रों और विद्यालयों लिए नीति निर्माण, एवं शिक्षा के क्षेत्र में नवीन नवाचारों, सुधारो हेतु कदम उठाए जाते हैं। यह सर्वेक्षण पूर्व में 2021 में हुआ था। 3 वर्ष पश्चात 19 नवंबर 2024 को रेंडम प्रणाली से चयनित विद्यालयों में यह सर्वेक्षण करवाया जाएगा। दिनांक 29 अगस्त से 31 अगस्त तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण में बूंदी जिले के पांच ब्लाकों से 33 शिक्षकों ने दक्ष प्रशिक्षक का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र व्यास ने प्रशिक्षण की महत्ता,और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण का आयोजन डाइट के द्वारा किया गया जिसमें एसआरजी के रूप में गोपाल मीणा एवं प्रवीण शर्मा ने भाग लिया। समापन समारोह में प्रभारी हनुमान जाट द्वारा प्रशिक्षण को सफल बताया तथा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### दो क्विंटल विद्युत लाइन के तार जब्त

**छबड़ा** (निसं)। बापचा पुलिस ने आठ माह पूर्व कई टॉवरो से बडी संख्या में चोरी हुई बेटरियों की तलाश में शनिवार को कस्बे में स्थित कबाडी के गोदाम पर छापा मार कार्रवाई कर दो क्विंटल सरकारी विद्युत लाईन के तार जब्त किए। बापचा थाने के एएसआई भगवानसिंह ने बताया कि छबडा क्षेत्र के निपानियां, कडैयाहाट, गोडियामेहर व छीपाबड़ौद क्षेत्र के टांचा गांव स्थित टॉवरो से पिछले 8 माह में 120 से 130 बेटरियां चोरी हुई हैं। इस सम्बंध में बापचा पुलिस ने शनिवार को छबड़ा निवासी शेरा कबाड़ी के धरनावदा रोड़ स्थित गोदाम पर छापा मारकर दो क्विंटल विद्युत लाईट के तार जब्त किए। शेरा कबाड़ी अन्य चोरी के मामले में पुलिस अभिरक्षा में चल रहा हैं। पूछताछ में इसने गोडियामेहर से चोरी हुई बेटरियों को गुना निवासी इमरान कबाड़ी के पास बैचना बताया। इस पर पुलिस ने गुना पहुंचकर जांच की तो इमरान फरार हो गया और गोदाम पर ताला लगा मिला। आरोपी ने कुछ बेटरियां कोटा में बैचना भी स्वीकार किया हैं। बापचा पुलिस द्वारा रविवार को कोटा पहुंचकर आरोपी की निशानदेही पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### दो चार्ट प्रतियोगिता सम्पन्न

**छीपाबड़ौद** (निसं)। छीपाबड़ौद विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित आदर्श विद्या मन्दिर केलखेडी छीपाबडौद की अंग्रेजी स्पोकन प्रभारी ज्योति सुमन ने जानकारी देते हुए बताया कि आज विद्यालय में टू डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी भैया बहिनों ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया सभी भैया बहिनों द्वारा अलग अलग विषय का 2 चार्ट बनाकर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें प्रथम स्थान विहान सेन पंचम कक्षा, द्वितीय स्थान दिव्यांश जांगिड षष्ठम कक्षा तृतीय स्थान ध्रुव नागर सप्तम एवं गौरव मालव पंचम कक्षा ने प्राप्त किया । जिसमें नाउन, प्रोनाउन, वर्ब, एडजेक्टिव, टेन्स, पार्टस ओफ स्पीच, टाईप ओफ सेन्टेन्स, एडवर्ब, कन्जक्शन आदि विषयों पर प्रतियोगिता रखी गई थी । इस प्रतियोगिता के माध्यम से भैया बहिनों की रुचि विकसित करना है । भैया बहिनों द्वारा विभिन्न प्रकार के रंग बिरंगे दो चार्ट बनाए गए जिनको सभी ने सराहना की। इस प्रतियोगिता में लगभग 500 से ज्यादा भैया बहिनों ने भाग लिया। विजेता भैया बहिनों को प्रधानाचार्य हरिसिंह गोचर द्वारा पुरस्कार दिया जायेगा

### होटल प्रबंध संस्थान का परिणाम जारी

**झालावाड़** (निसं)। पर्यटन विभाग एवं राष्ट्रीय होटल एवं केटरिंग तकनीकी परिषद् के अधीन संचालित राज्य होटल प्रबंध संस्थान, झालावाड़ में प्रथम शैक्षिणक सत्र 2023-24 में दो डिप्लोमा कोर्स डिप्लोमा इन फूड एण्ड बेवरेज सर्विस तथा डिप्लोमा इन फ्रण्ट ऑफिस ऑपरेशन में कुल 32 विद्यार्थियों का परिणाम जारी कर दिया गया है। संस्थान के प्राचार्य प्रभारी महेश कुमार बैरवा ने बताया कि सभी विद्यार्थियों का प्रदर्शन अच्छा रहा एवं संस्थान का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। डिप्लोमा इन फूड एण्ड बेवरेज सर्विस में पूनम प्रथम एवं प्रतीक द्वितीय तथा डिप्लोमा इन फ्रण्ट ऑफिस ऑपरेशन में बलराम प्रथम एवं अभिजीत ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वर्तमान में सभी विद्यार्थी इण्टर्नशिप कर रहे हैं।

### बालाजी की डूंगरी पर वृक्षारोपण किया

**छीपाबड़ौद** (निसं)। छीपाबड़ौद के मनोहरम प्राकृतिक धार्मिक स्थल बालाजी डूंगरी पर पौधरोपण कर प्रकृति को शुद्ध करने का संदेश दिया। इस एईएन ललित गुप्ता पूर्व सरपंच गजेंद्र जैन,महेन्द्र जैन ,नंदन सोनी,विपिन दुदानी,बंटी लक्ष्कार,बंटी सोनी,अशोक पारीक नरेंद्र जैन,किशन पंकज,भाया प्रजापति, हेमू प्रजापति,अंकुर गुप्ता,कल्लू चौरसिया समेत डूंगरी विकास समिति के सदस्य मोजूद थे।



मैं आपसे अपील कर रही हूं। मैं एथलीट हूं, मैं पूरे देश की हूं। किस प्रदेश में चुनाव हो रहे हैं इससे मेरा कोई मतलब नहीं होता है। मैं बस इतना जानती हूं कि मेरे देश के किसान मुश्किल में हैं। **– विनेश फोगाट**

भारतीय रेसलर, भविष्य की रणनीति के बारे में बोलते हुए।




**आज का खिलाड़ी**

**समित द्रविड़**



**टीम** इंडिया के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ को ऑस्ट्रेलिया 19 के खिलाफ आगामी बहु-प्रारूप घरेलू श्रृंखला के लिए भारत की 19 टीम में नामित किया गया है। यह पहली बार है जब समित को भारत की 19 टीम में नामित किया गया है। मोहम्मद अम्मान को 50 ओवर की टीम का कप्तान बनाया गया है। अम्मान मध्यक्रम के बल्लेबाज हैं और उत्तर प्रदेश (यूपी) के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। चार दिवसीय श्रृंखला के लिए सोहम पटवर्धन को कप्तान घोषित किया गया है। पटवर्धन घरेलू क्षेत्र में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# बडोनी ने टी-20 की एक पारी में सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा



## आर्य ने एक ओवर में छह छक्के लगाए

नई दिल्ली, 31 अगस्त। आयुष बडोनी (165) ने 19 छक्कों के साथ किसी टी20 पारी का नया रिकॉर्ड कायम किया तो वहीं प्रियांश आर्य (120) ने एक ओवर में छह छक्के लगाए जिससे साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में शनिवार को नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ पांच विकेट पर 308 रन बनाये। यह टी20 मैच का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। भारतीय अंडर-19 टीम के खिलाड़ी आर्य ने साउथ दिल्ली की पारी के 12वें ओवर में छह छक्के लगाये लेकिन बडोनी ने उनसे ज्यादा आक्रामक बल्लेबाजी की। इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलने वाले बडोनी ने 19 छक्के जड़े जो टी20 क्रिकेट का नया रिकॉर्ड है। दायें हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी 55 गेंद की पारी में आठ चौके भी लगाये। टी20 मैच की किसी पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड इससे पहले संयुक्त रूप से वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम था। दोनों बल्लेबाजों ने एक समान 18 छक्के लगाये थे। गेल ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग के 2017 सत्र में ढाका डायनामाइट्स के खिलाफ रंगपुर राइडर्स के लिए 69 गेंदों में 146 रन की पारी में पांच चौकों के साथ 18 छक्के लगाए थे जबकि भारतीय मूल के चौहान ने इस साल जून में एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में साइप्रस के खिलाफ एस्टोनिया के लिए 41 गेंदों में 144 रन की पारी के दौरान 18 छक्के लगाए थे।

## मेगा नीलामी में ये 3 खिलाड़ी बिक सकते हैं सबसे महंगे

नई दिल्ली, 31 अगस्त। आईपीएल 2025 का क्रिकेट फैंस को बेसब्री से इंतजार है। लेकिन उससे पहले टूर्नामेंट का मेगा ऑक्शन होना है, जिसमें कई टीमों के स्टार खिलाड़ी दूसरी टीम में शामिल हो सकते हैं। आईपीएल 2024 से पहले हुई मिनी ऑक्शन में मिचेल स्टार्क ने आईपीएल इतिहास का सबसे महंगा खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड कायम किया था। स्टार्क को केकेआर ने 24.75 करोड़ रुपये की कीमत में खरीदा था। मेगा ऑक्शन में तीन खिलाड़ी स्टार्क का ये रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।

रोहित शर्मा : भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को लेकर लगातार चर्चाएं हैं कि फ्रेंचाइजी उन्हें आईपीएल 2025 के लिए रिटेन नहीं करेगी। हालांकि, अब तक रोहित के रिलीज होने की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। अगर रोहित शर्मा को रिलीज कर दिया जाता है और उनका नाम मेगा ऑक्शन में आता है, तो उन्हें खरीदने की होड़ सभी फ्रेंचाइजियों में देखने को मिलेगी।

फिल साल्ट : आईपीएल के पिछले सीजन में केकेआर के लिए खेलने वाले फिल सॉल्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 मैचों में 39.55 की औसत और 182.01 के स्ट्राइक रेट से 435 रन बनाए थे। हालांकि, अभी कोलकाता की तरफ से उन्हें रिलीज करने की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। लेकिन अगर केकेआर आईपीएल 2025 के लिए सॉल्ट को रिटेन नहीं करती है ।

सैम कर्रन : इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम कर्रन को पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2023 में 18.50 करोड़ रुपये की कीमत में खरीदा था। इंग्लिश ऑलराउंडर ने कई मौकों पर पंजाब किंग्स की कमान भी संभाली है। ऐसे में पंजाब उन्हें रिलीज करेगी या रिटेन करेगा, इस बारे में तो कुछ नहीं कहा जा सकता है। हां अगर, पंजाब ने उन्हें रिटने नहीं किया तो सैम कर्रन एक बार फिर महंगे बिक सकते हैं।



# नोवाक जोकोविच अमेरिकी ओपन से बाहर

नई दिल्ली, 31 अगस्त। कार्लोस अल्कराज के बाहर होने के एक दिन बाद गत चैंपियन नोवाक जोकोविच भी चार सेट तक चले मुकाबले में हारकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए लेकिन महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रही। अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच को ऑस्ट्रेलिया के 28वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन ने 6-4, 6-4, 2-6, 6-4 से हराया। जोकोविच ने मैच के बाद कहा,"ईमानदारी से कहूं तो यह मेरा अभी तक का सबसे खराब प्रदर्शन है।

यह मैच मेरे लिए किसी दुस्वप्न की तरह था। मैं अपने सर्वश्रेष्ठ के करीब भी नहीं खेल पाया।"' यह 2017 के बाद पहला अवसर है जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच साल में एक भी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट नहीं जीत पाए। इससे पहले 2010 में भी ऐसा हुआ था। यही नहीं यह 2002 के बाद पहला अवसर है जबकि टेनिस के तीन दिग्गज खिलाड़ी जोकोविच, राफेल नडाल और रोजर फेडरर में से किसी ने भी किसी एक साल में ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी हासिल नहीं की।

# सुकांत सेमीफाइनल एवं मनदीप कौर क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

पेरिस, 31 अगस्त। भारतीय बैंडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम ने शनिवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की बैंडमिंटन स्पर्धा के सेमीफाइनल में तथा महिला खिलाड़ी मनदीप कौर ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

सुकांत कदम ने आज पुरुष एकल एसएच4 ग्रुप चरण में थाईलैंड के सिरिपोंग टीमारोप को सीधे गेम में 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनायी। उन्होंने थाईलैंड के शटलर को 21-12 , 21-12 से हराया। महिला बैंडमिंटन खिलाड़ी मनदीप कौर ने महिला एकल एसएल3 ग्रुप चरण में शानदार जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मनदीप ने मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की विनोट सेलिन ऑरेली के खिलाफ पहला गेम 21-23 से हारने के बाद लगातार दो गेम 21-10 और 21-17 से जीते और मैच 2-1 से जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

इसी तरह पुरुष एकल एसएल3 ग्रुप चरण में भारतीय खिलाड़ी नितेश कुमार ने पेरिस पैरालिंपिक में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा एवं अगले दौर में जगह बनाई। उन्होंने थाईलैंड के बन्सन मोंगखोन को सीधे गेम में 2-0 से हराया। नितेश कुमार ने आज खेले गए मैच में मोंगखोन को 21-13 , 21-14 से हराया।

वहीं पुरुष एकल एसएल3 ग्रुप चरण के एक अन्य मुकाबले में मनोज सरकार नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके। चीन के जियानयुआन यांग के खिलाफ 2-0 की जीत के बावजूद मनोज नॉकआउट चरणों के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके। उन्हें अपने ग्रुप में तीसरा स्थान मिला।

ग्रुप से शीर्ष दो खिलाड़ी अगले दौर के लिए क्वालीफाई हुए। इसी तरह भारतीय खिलाड़ी तरुण ढिल्लन को आज खेले गए पुरुष एकल के एसएल4 ग्रुप चरण मैच में हार का सामना करना पड़ा। तरुण को फ्रांस के लुकास माजुर ने 2-0 से हराया। इस हार के साथ तरुण का पैरालंपिक अभियान समाप्त हो गया।

# हरभजन सिंह की दो टूक, भारतीय टीम के पाकिस्तान जाने पर

नई दिल्ली, 31 अगस्त। अगले साल मार्च में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन किया जाएगा। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान के पास है, हालांकि टीम इंडिया टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान जाएगी या नहीं इस पर अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।

बीसीसीआई साफ कह चुका है कि भआरतीय खिलाड़ियों के पाकिस्तान जाने पर फैसला सरकार करेगी।वहीं, भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने इस पूरे मामले पर बेबाक तरीके से अपनी राय रखी है। भज्जी का कहना है कि जब तक सुरक्षा चिंताएं दूर न हों तब



तक भारतीय खिलाड़ियों को पाकिस्तान बिलकुल नहीं जाना चाहिए। हरभजन ने स्पोर्ट्स तक से कहा कि, सुरक्षा को लेकर चिंताएं वहां रही हैं। अगर वहां खिलाड़ियों की सिक्योरिटी नहीं होगी तो मुझे नहीं लगता कि जाना चाहिए।

अगर वे कहते हैं कि टीमों को फुल सिक्योरिटी दी जाएगी और कोई दिक्कत नहीं है तो फिर जो सरकार सोचे वो ठीक है। दरअसल, ये सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है। ये उसके पार है। मैं बतौर क्रिकेटर यही कह सकता हूं कि क्रिकेट खेलना है, खेलिए लेकिन वहां सुरक्षा को लेकर चिंता तो है। हमारे खिलाड़ियों को तब तक वहां नहीं जाना चाहिए, जब तक हमें लगे नहीं कि सिक्योरिटी बिलकुल सही है।

**राजधानी**

# चार लोगों को नया जीवन दे गई कंवराई देवी

## जोधपुर एम्स में हुआ अंगदान, एक किडनी और हृदय प्रत्यारोपण जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में हुआ

**जयपुर** (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में प्रदेश में अंगदान एवं प्रत्यारोपण के कार्य को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। शनिवार को प्रदेश में एक और अंगदान हुआ। एम्स जोधपुर में एक ब्रेन डेड मरीज के अंग दान किये गए।

जैतारण निवासी 46 वर्षीय कंवराई देवी गत 28 अगस्त को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गईं थी। उन्हें

- **जबकि एक किडनी एम्स जोधपुर में तथा लीवर को जयपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में मरीज को प्रत्यारोपित किया गया**

उपचार के लिए एम्स जोधपुर के आपातकालीन विभाग में लाया गया। चिकित्सा प्रयासों के बावजूद 30 अगस्त को उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। अस्पताल प्रशासन की समझाइश के बाद साहस और करुणा का परिचय देते हुए कंवराई देवी के परिवार ने उनके अंगों को दान करने का निर्णय लिया। परिवार से लिखित सहमति प्राप्त होने के बाद अंगदान की प्रक्रिया शुरू की गई। संभावित प्राप्तकर्ताओं में प्रत्यारोपण के लिए दानकर्ता की किडनी, लीवर और हृदय को निकाला गया। एक किडनी एम्स जोधपुर को तथा दूसरी किडनी और हृदय एसएमएस अस्पताल जयपुर को तथा लीवर महात्मा गाँधी अस्पताल जयपुर को आवंटित किया गया।



**अंगदान के बाद कंवराई देवी की पार्थिव देह को ससम्मान उनके परिजनों के सुपुर्द किया।**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देशन में अंगदान एवं प्रत्यारोपण के इस मानवीय कार्य को मंजिल तक पहुंचाया गया। सिंह ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश में अंगदान की मुहिम सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रही है और लोगों को नया जीवन मिल रहा है।

शुभ्रा सिंह ने बताया कि किडनी, लीवर और हृदय को पहले एम्स से जोधपुर एयरपोर्ट और फिर हवाई मार्ग से जयपुर भेजा गया। उसके बाद ग्रीन कॉरिडोर बनाकर किडनी और हृदय को जयपुर एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से एसएमएस जयपुर तथा लीवर को महात्मा गाँधी अस्पताल जयपुर भेजा गया।

एसएमएस अस्पताल में वरिष्ठ प्रोफेसर सीटीवीएस डॉ. राजकुमार यादव एवं उनकी टीम ने हृदय प्रत्यारोपण तथा डॉ. शिवम प्रियदर्शी तथा डॉ. नीरज गंगवाल ने किडनी प्रत्यारोपण कर दो लोगों को नया जीवन दिया। महात्मा गांधी अस्पताल में डॉ. नमिष एन मेहता ने लीवर प्रत्यारोपण किया। ऑर्गन रिट्रीवल प्रक्रिया को एम्स जोधपुर के ऑर्गन ट्रांसप्लांट टीम द्वारा कार्यकारी निदेशक प्रो. जीडी पुरी, ट्रांसप्लांट टीम के अध्यक्ष प्रो. एएस संधू, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दीपक झा और ट्रांस्प्लांट प्रोग्राम के नोडल ऑफिसर डॉ शिव चरण नावरिया की देखरेख में सटीकता के साथ अंजाम दिया गया।

ऑर्गन रिट्रीवल प्रक्रिया के बाद शव को पूरे सम्मान और प्रतिष्ठा के साथ परिवार को सौंप दिया गया। पूरी प्रक्रिया के दौरान परिवार को अपनी आध्यात्मिक मान्यताओं का पालन करने का अवसर दिया गया। कंवराई देवी के परिजनों के जीवनदान के निर्णय, चिकित्सा पेशेवरों के समर्पण, एसएमएस अस्पताल और एम्स प्रशासन सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से चार लोगों को जीवन का उपहार मिला।

## हिस्ट्रीशीटर को थाने में प्रताड़ित करने पर जवाब मांगा

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने झोटवाडा थाने के हिस्ट्रीशीटर को पुलिस हिरासत के दौरान प्रताडित और अमानवीय कृत्य करने से जुड़े मामले में मुख्य सचिव, एसीएस होम, डीजीपी, पुलिस कमिश्नर, डीसीपी पश्चिम और चित्रकूट थानाधिकारी से जवाब मांगा है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश उजागर सिंह की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता मिथिलेश कुमार ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता को गत दिनों पुलिसकर्मियों ने गिरफ्तार कर चित्रकूट थाने में रखा था। यहां उसे नग्न कर प्रताड़ित किया गया। इस दौरान उससे पुलिस से जुड़े और भविष्य में अपराध नहीं करने को लेकर नारे लगाए गए। वहीं इसका 17 सेकंड का वीडियो भी बनाया गया।

## चार आरोपियों की जमानत डीजे ने रद्द की

**जयपुर।** जिले के सत्र न्यायालय ने रायसर थाना इलाके में घर में घुसकर सरिया, कुल्हाड़ी व लाठियों से एक परिवार पर जानलेवा हमला और छेड़छाड़ से जुडे 4 आरोपियों को जमवारामगढ़ के न्यायिक मजिस्ट्रेट की ओर से 15 जुलाई 2024 को दी गई जमानत आदेश रद्द कर दिया है।

सत्र न्यायाधीश अजीत कुमार हिंगर ने कहा कि मजिस्ट्रेट ने अपने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर आरोपियों को जमानत पर छोडने का आदेश दिया है। इस आदेश को विधि सम्मत नहीं कहा जा सकता। इसलिए मजिस्ट्रेट के आदेश को निरस्त कर आरोपियों को निर्देश दिए जाते हैं कि वह मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश हो और मजिस्ट्रेट उन्हें पुलिस थाना रायसर में दर्ज केस में पुनः जेल में दाखिल कराए।

अदालत ने यह आदेश आरोपियों की जमानत रद्द करने के प्रार्थना पत्र पर दिए।

# पेपर लीक मामले में 5 और ट्रेनी एस.आई. को एस.ओ.जी. ने हिरासत में लिया

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 के पेपर लीक मामले में एसओजी लगातार कार्रवाई कर रही है। इससे पेपर लीक के जरिए नकल कर थानेदार बने ट्रेनी थानेदारों में हड़कंप मचा हुआ है। एसओजी नकलची ट्रेनी थानेदारों को चुन-चुनकर शिकंजे में ले रही है। शनिवार को एसओजी ने आरपीए से पांच ट्रेनी एसआई को हिरासत में लिया है। एसओजी इन ट्रेनी एसआई से पूछताछ कर रही है। ट्रेनी एसआई में 3 पुरूष और दो महिला शामिल है। एसओजी ने आरपीएससी के पूर्व मेम्बर रामू राम राईका के बेटे व बेटी को भी पकड़ा है। दोनों ने एसआई भर्ती में अच्छी रेंक प्राप्त की थी।

- **अब तक 33 ट्रेनी एसआई और 17 नकल माफिया गिरफ्तार**

प्राप्त जानकारी के अनुसार एसओजी की टीम आज सुबह करीब 11 बजे राजस्थान पुलिस अकादमी पहुंची और पूर्व की जांच के आधार पर वहां पर ट्रेनिंग कर रहे पांच एसआई को हिरासत में ले लिया। इनको एसओजी कार्यालय लाकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद इनकों अरेस्ट किया जा सकता है।

एसओजी सूत्रों ने बताया कि शनिवार को आरपीए से पांच ट्रेनी एसआई को हिरासत में लिया है। अब तक की जांच में मिले तथ्यों को लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। साक्ष्यों के मिलान के बाद आरोपियों को अरेस्ट किया जाएगा। हिरासत में लिए गए ट्रेनी एसआई में आरपीएससी के पूर्व मेम्बर रामू राम राईका का बेटा- बेटी भी शामिल है। एसओजी सूत्रों की मानें तो एसआईटी के गठन के बाद फरवरी-मार्च के महीने से एसआई पेपर लीक भर्ती परीक्षा में लिप्त नकलची थानेदारों और नकल माफिया की धरपकड़ करना शुरू कर दिया था जो कि लगातार जारी है। सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में अब तक कुल 33 ट्रेनी सब इंस्पेक्टर गिरफ्तार हो चुके हैं। इनमें एक की जमानत हो गई, बाकी जेल में हैं। इसके अलावा तीन ऐसे गिरफ्तार आरोपी हैं, जिन्होंने एसआई भर्ती में चयन के बावजूद सर्विस ज्वॉइन नहीं की। इनके अलावा जगदीश बिश्नोई, ओमप्रकाश ढाका, हर्षवर्धन सिंह और पौरव कालेर सहित 19 नकल माफियाओं को भी एसओजी गिरफ्तार कर चुकी है।

# राष्ट्र निर्माण में बनें सहयोगी युवा : बागड़े

**जयपुर** । राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य की अगुवाई में स्काउट गाइड शिष्टमंडल ने राजस्थान के नव नियुक्त राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को संरक्षक बैज से अलंकृत करते हुए शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर राजस्थान भारत स्काउट व गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने राज्यपाल को प्रदेश स्काउट गाइड संगठन के संरक्षक बैज से अलंकृत किया। इससे पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने स्मृति चिन्ह, राज्य आयुक्त डॉ. अखिल शुक्ला ने पुष्प गुच्छ व राज्य सचिव डॉक्टर पी.सी. जैन ने स्कार्फ पहना कर राज्यपाल का स्वागत व अभिनंदन किया। राज्यपाल बागडे ने स्काउटिंग द्वारा प्रदेश में किए जा रहे कार्यों पर विस्तृत चर्चा कर प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की दिशा में अग्रसर करने और राष्ट्र को मजबूत बनाने में ऐसे ही सह-शैक्षिक संगठन की आवश्यकता है।

बागडे ने कहा कि देश की समृद्धि के लिए युवा युवतियों को राष्ट्र निर्माण में सहयोगी बनना होगा।

इस अवसर पर आर्य ने राज्यपाल को स्काउट गाइड संगठन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रदेश की अभिनव व नवीन गतिविधियों एवं प्रदेश के स्काउट एवं गाइड्स द्वारा सुगम मतदान, पर्यावरण चेतना, सघन वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत अभियान इत्यादि में किए जा रहे विशिष्ट कार्यों से अवगत कराया।

इस अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य, राज्य आयुक्त डॉ. अखिल शुक्ला, राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त बन्ना लाल, सुयश लोढ़ा उपस्थित थे।



**राजस्थान भारत स्काउट व गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने राज्यपाल को प्रदेश स्काउट गाइड संगठन के संरक्षक बैज से अलंकृत किया।**

## शोधार्थियों को कराया फील्ड विजिट

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान विश्वविद्यालय के व्यावसायिक प्रशासन विभाग में शोधार्थियों को शनिवार को रिसर्च फील्ड विजिट "जयपुर रग्स" के तरफ से मानपुरा माचेड़ी गांव में कराया गया। यहां 'रग्स' गांव के रहने वाले लोगों द्वारा तैयार किया जाता हैं और उसके बाद शोधार्थियों को मानसरोवर में फाउंडर से परिचय करवाया गया। साथ में विशेष सत्र और रग्स शो भी शोधार्थियों के लिए करवाया गया।

# जोधपुर में एक और नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म

- महात्मा गांधी अस्पताल दुष्कर्म काण्ड पर चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच यह मामला सामने आने से जनाक्रोश भड़क उठा है।
- अगस्त महीने में जोधपुर में दुष्कर्म के पांच केस सामने आ हो चुके हैं।
- मामले में पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज करवाकर उसका मैडिकल करवाया और जांच शुरु कर दी।

जोधपुर, 31 अगस्त (कास)। जोधपुर शहर में नाबालिग से दुष्कर्म की वारदात ने पूरे शहर में आक्रोश पैदा कर दिया है। जोधपुर के पूर्वी इलाके में घर लौट रही छात्रा के साथ दो युवकों ने दुष्कर्म और मारपीट की। जोधपुर में बीते 18 दिनों में दुष्कर्म की यह पांचवीं घटना है।

अगस्त महीने में जोधपुर में दुष्कर्म के पांच केस सामने आ हो चुके हैं। कमिश्नरेट के जिला पूर्व के एक थाना क्षेत्र में दरिंदे ने 17 साल की किशोरी को दुष्कर्म का शिकार बनाया। किशोरी फॉर्म भरकर वापस लौट रही थी। रास्ते में दो युवक उसे बहला-फुसलाकर ले गए। एक कमरे में युवक ने रेप किया, जबकि अन्य युवक ने उसके साथ मारपीट की।

किशोरी ने घर जाकर अपने परिजनों को घटना बताई। इस पर परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और मामला दर्ज कराया। पुलिस ने तत्परता दिखाई और दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक पीड़ित के परिजनों ने रिपोर्ट में आरोप लगाया कि किशोरी शुक्रवार को फॉर्म भरने गई थी। लौटते वक्त रास्ते में उसे दो युवक मिले। वे किशोरी को बाइक पर बैठाकर सुनसान जगह पर ले गए। वहां पर तीन युवक पहले से मौजूद थे। इनमें से एक युवक ने किशोरी से रेप किया। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित के बयान दर्ज करवाकर उसका मेडिकल करवाया। डी.सी.पी. आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। अब पुलिस पीड़ित के मजिस्ट्रेट के सामने बयान करवाएगी।

राज्य मेला प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री रमेश बोराणा ने नगर में पिछले 18 दिन में 5 वीं बलात्कार की शर्मनाक घटना पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि देश विदेश में अपनी संस्कृति व सद्भाव के लिए जाने वाले जोधपुर के सुनहरे चेहरे पर सरकार व प्रशासन के नकारेपन ने कालिख पोत दी है जोधपुर शहर में भय व दहशत का माहौल है, विशेष रूप से बच्चियें व महिलायें आतंकित है। शहर में भादो मास के विभिन्न महिला भागीदारी के मेले-उत्सव दुष्कर्मियों के खौफ से प्रभावित हो रहे हैं।

बोराणा ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार व पुलिस का इक़बाल ख़त्म हो गया है।

जन प्रतिनिधियों पर इन महिला अत्याचार की घटनाओं का कोई असर नहीं हो रहा है, न ही वे इसे गंभीरता से ले रहे हैं। बोराणा ने कहा कि राज्य की भजनलाल सरकार अपनी निंद्रा तोड़े और प्रदेशवासियों को अपने व सरकार के होने का अहसास कराते हुए क़ानून व्यवस्था को प्रभावी करें, अन्यथा जनता अपनी सुरक्षा के लिए ख़ुद सड़कों पर उतर आई तो ज़िम्मेदार सरकार ही होगी।



माली (सैनी) समाज ने शनिवार को मुम्बई में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत समारोह आयोजित किया। समारोह को संबोधित करते हुये मु.मंत्री ने कहा कि विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में प्रवासी राजस्थानियों की अहम भूमिका है। मु.मंत्री वर्तमान में ''राइज़िंग राजस्थान'' समिट के प्रमोशन के सिलसिले में मुम्बई में हैं तथा प्रदेश सरकार इस समिट को प्रमोट करने के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं।

# मुम्बई के माली समाज ने मुख्यमंत्री भजनलाल का स्वागत किया

- मुख्यमंत्री ''राइज़िंग राजस्थान'' में प्रवासी राजस्थानियों को बड़ी संख्या में भागीदारी करने का आव्हान किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा, विकसित राजस्थान का संकल्प साकार करने में प्रवासी राजस्थानियों की अहम् भूमिका है।

मुंबई/जयपुर, 31 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश और दुनिया में रह रहे प्रवासी राजस्थानियों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों और कार्यों से राजस्थान का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान का संकल्प साकार करने में प्रवासी राजस्थानियों की भी अहम भूमिका है। शर्मा शनिवार को मुंबई में माली (सैनी) समाज द्वारा आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार प्रदेश में निवेश करने वाले निवेशकों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित होने वाले 'राइज़िंग राजस्थान' सम्मेलन में प्रवासी राजस्थानी भी अधिक से अधिक संख्या में भागीदार बनें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में अंत्योदय की भावना निहित है। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सभी का कर्तव्य है कि जरूरतमंद को राहत पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करें और उन्हें केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाएं।

उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानी विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति एवं विकास के साथ समाज सेवा में भागीदारी निभाकर प्रदेश को गौरवान्वित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में मुंबई माली (सैनी) समाज के विभिन्न गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## साइबर फ्रॉड केस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सुनवाई के दौरान अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने अदालत को बताया कि फरवरी 2022 में याचिकाकर्ता ने साइबर पुलिस थाने में उसकी सिम को स्वैप कर 60 लाख रुपए के साइबर फ्रॉड का केस दर्ज कराया था। मामले की जांच में पता चला कि उसकी रकम पश्चिम बंगाल व उड़ीसा के छोटे-छोटे खातों में जमा हुई और पूरा रुपया उसी दिन कैश करा लिया गया। पुलिस को अनुसंधान में आरोपियों के नाम भी पता चल गए हैं, लेकिन ना तो उनसे रुपए की रिकवरी हुई और ना ही उनकी गिरफ्तारी ही हुई।

मामले में पुलिस ने मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनी को भी नोटिस दिया, लेकिन उसने दो साल में यह नहीं बताया कि उसने किसे सिम जारी की थी। ऐसे में याचिकाकर्ता की एफ.आई.आर. पर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए जाए।

# प्र.मंत्री मोदी के स्वघोषित...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रकट हुये तथा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नई दिल्ली स्थित आवास पर उन्हें फूल भेंट करते हुये नज़र आये। इसके एक दिन बाद चिराग स्वयं भी गृहमंत्री से मिले तथा यह आशंका जताई कि भाजपा नेता उनके (चिराग) पर कतरने के लिये पारस का उपयोग कर सकते हैं। इस बीच, भाजपा विधायक मुकेश रोशन ने यह दावा करते हुये बिहार के राजनैतिक माहौल में खलबली पैदा कर दी कि एल.जे.पी. (आर.वी.) के पाँच में से तीन सांसद भाजपा में शामिल होने वाले हैं।

सर्वविदित है कि चिराग अब भी कहते हैं कि ''धरती की कोई भी ताकत प्रधानमंत्री मोदी से उनकी नज़दीकी को प्रभावित नहीं कर सकती।'' लेकिन 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों तक के महीनों में राजनैतिक हवाएं जिस दिशा में बहेंगी, उसको लेकर वे चिन्तित भी दिखाई दे रहे हैं। चिराग की उलझनों की इस स्थिति के कुछ संकेत उनके हाल ही के बयानों के जरिये सामने आये हैं। जब एक इन्टरव्यू में उनसे पूछा गया कि वे अपने चाचा पारस तथा आर.जे.डी. नेता तेजस्वी यादव में से किसका चयन करना चाहेंगे, तो वे तेजस्वी यादव के बारे में प्रशंसा एवं सम्मान के लहजे में बोले। जहाँ तक झारखंड विधानसभा चुनावों का प्रश्न है, चिराग घोषणा कर चुके हैं कि उनकी पार्टी अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेगी, भले ही उन्होंने यह जोड़ दिया हो कि ''बेहतर यह होगा कि भाजपा के साथ कोई चुनाव-पूर्व समझौता हो जाये।'' हाल ही के दिनों में वे उस व्यथा को भी अभिव्यक्त कर रहे हैं, जो उन्हें उस समय महसूस हुई थी, जब उनके पिता राम विलास पासवान की मृत्यु के बाद, भाजपा ने उन्हें असहाय स्थिति में छोड़कर, उनके चाचा पारस को अपनाया था। अभी हाल ही एक ट्वीट में चिराग ने कहा, ''जब मेरे अपने खून ने ही मेरी पीठ में छुरा भोंक दिया, तो मैं बाहर के लोगों की शिकायत क्या करूँ।''

## 8 सितम्बर....

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की विदेश यात्रा के सफल रहने की उम्मीद करते हैं।

राहुल की यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव हो रहे हैं और डैमोक्रैटिक पार्टी की तरफ से जो बाइडन की जगह कमला हैरिस रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डॉनल्ड ट्रम्प को चुनौती दे रही है। मई 2023 में गांधी 6 दिन की यात्रा पर अमेरिका गए थे, तब उन्होंने 6 शहरों का दौरा किया था और एन.आर.आई. समुदाय, उद्योगपतियों व पत्रकारों से वार्ता की थी। इस दौरान वे भारतीय लोकतंत्र के भविष्य, बोलने की आज़ादी और सतत आर्थिक विकास पर अपना पक्ष रखा था।

## राहुल गांधी ने...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पर जारी एक संदेश में कहा देश मे युवाओं के बीच बढ़ता आत्महत्या दर बहुत ही दुखद और चिंताजनक है। पिछले दशक में जबकि 0-24 आयु के बच्चों की जनसंख्या 58.20 करोड़ से घटकर 58.10 करोड़ हो गई, छात्र आत्महत्याओं की संख्या चौंकाने वाले रूप से 6,654 से बढ़कर 13,044 हो गई।

उन्होंने कहा भारत आज सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है- अफसोस की बात है कि इस शक्ति को सही इस्तेमाल की सुविधाओं की जगह उन्हें कठिनाइयां और मजबूरियां मिल रही हैं। ये सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक रूप से बहुत ही गहरी समस्याओं की ओर इशारा कर रहा है। भयंकर बेरोज़गारी, पेपर लीक, शिक्षा में भ्रष्टाचार, महंगी पढ़ाई, सामाजिक उत्पीड़न, आर्थिक असमानता, माता-पिता का दबाव- आज के विद्यार्थी ऐसी अनगिनत समस्याओं से जूझते हुए सफलता तलाशने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने सरकार से इस समस्या का निदान निकालने का आग्रह करते हुए कहा मेरी सरकार से अपेक्षा है कि वह विद्यार्थियों और युवाओं के इस कठिन रास्ते को आसान करने की हर संभव योजना बनाए-उनके रास्ते में बाधाएं नहीं, उन्हें समर्थन पहुंचाएं। राहुल गांधी ने ब्च्चों के माता-पिता से भी अनुरोध करते हुए कहा विद्यार्थियों के माता-पिता और अभिवावकों से अनुरोध है की उन्हें मानसिक समर्थन और प्रोत्साहन दें और देश के युवा साथियों से अपील है समस्याओं के विरुद्ध आवाज़ उठाओ, सवाल करो, अपना हक़ मांगो- डरो मत। मैं आपके साथ खड़ा हूं और आपके अधिकार दिलाने के लिए सड़क से संसद तक लड़ता रहूंगा।

# अजमेर में विमंदित युवती से पड़ौसी युवक ने दुष्कर्म किया

## लोगों ने युवक की धुनाई कर पुलिस के हवाले किया

- पुलिस ने जांच शुरु की और आरोपी युवक व युवती का अस्पताल में मैडिकल करवाया।
- पुलिस ने बताया, गंज थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी 20 वर्षीय विमंदित पुत्री के गायब होने की रिपोर्ट दी थी।

अजमेर, 31 अगस्त (कासं)। अजमेर के गंज थाना क्षेत्र में एक विमंदित युवती से पड़ौसी युवक द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। संदिग्ध अवस्था में युवती के साथ मिलने पर लोगों ने युवकी की जमकर पिटाई कर दी और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

क्लॉक टावर थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि गंज थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी कि उसकी 20 वर्षीय मंदबुद्धि पुत्री लापता है। युवती की आस-पास के मौहल्ले में तलाश की गई। जांच में सामने आया कि पड़ौस में रहने वाला युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। पास ही दोनों संदिग्ध हालत में मिले, जिसे देख क्षेत्रवासियों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने युवक की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट के बाद आरोपी युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। यह घटना अलसुबह तीन बजे की है, युवती के परिजन उसे घर में न पाकर आसपास के क्षेत्र में उसकी खोजबीन में जुट गये थे।

एस.पी. देवेंद्र कुमार विश्नोई ने कहा कि समाज में ऐसी घटनाएं नैतिक पतन की ले जाने वाली होती है। उन्होंने गंज थाना प्रभारी के अवकाश पर होने के कारण मामले की जांच क्लॉक टावर थाना प्रभारी दिनेश कुमार को सौंपी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक व मंदबुद्धि युवती का जे.एल.एन. अस्पताल में मैडिकल करवाया है। पुलिस पकड़े गए आरोपी युवक से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी है।

## 'चीन के निवेश की समीक्षा हो '

नई दिल्ली, 31 अगस्त। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन के साथ भारत के जटिल रिश्तों पर बात करते हुए कहा कि भारत अकेला ऐसा देश नहीं है जिसे चीन के साथ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नई दिल्ली में एक सत्र को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने कहा, हमारे लिए सीमा पर मुश्किलों के अलावा चीन एक जटिल समस्या है, मगर हम दुनिया के एकमात्र देश नहीं हैं जो चीन पर बहस कर रहे हैं। यूरोप जाएं और पूछें कि आज उनके प्रमुख आर्थिक या राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों में क्या है? यह चीन ही है। अमेरिका भी चीन के प्रति बहुत सजग है। जयशंकर ने इस बात पर भी जोर देते हुए कहा कि भारत में चीन से जुड़े निवेशों की समीक्षा होनी चाहिए।

जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत की समस्याएं चीन के साथ विशेष हैं, जो वैश्विक चिंताओं से भी परे हैं। उन्होंने कहा, ''दशकों पहले दुनिया ने चीन में समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया था। अब सभी देशों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। भारत को चीन के साथ एक खास समस्या है, जो बाकी दुनिया की सामान्य चीन समस्या से ऊपर है। इस स्थिति के मद्देनजर, भारत को उचित सावधानियां बरतनी चाहिए।''




भारतीय महिला निशानेबाज़, रुबीना फ्रांसिस ने शनिवार को पेरिस पैरालिंपिक 2024 खेलों की निशानेबाजी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। फ्रांसिस ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 के फाइनल में 211.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। पिस्टल स्पर्धा में पदक जीतने वाली रुबीना पहली भारतीय पैरा निशानेबाज एथलीट बन गई हैं। भारत ने टोक्यो पैरालंपिक में निशानेबाजी में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते थे। पेरिस पैरालंपिक में भारत एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीत चुका है। पेरिस पैरालंपिक में भारत का निशानेबाजी में यह चौथा और कुल मिलाकर पांचवां पदक है।

## यू.डी.एच...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अदालत ने 6 सितंबर 2023 को जांच अधिकारी को बदलने का निर्देश देते हुए याचिकाकर्ता को सुनवाई का पूरा मौका देने के लिए कहा था।

वहीं जांच छह महीने में पूरी नहीं होने की स्थिति में उसके प्रतिवेदन दिए जाने पर बहाल करने पर विचार करने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के पालन में डी.एल.बी. निदेशक ने 26 फरवरी 2024 को याचिकाकर्ता को बहाल करने की सिफारिश की। वहीं याचिकाकर्ता ने 29 फरवरी 2024 को यू.डी.एच. विभाग में अपना प्रतिवेदन दिया, लेकिन प्रमुख यू.डी.एच. सचिव ने डिस्कस करने के नाम पर उसके प्रतिवेदन पर पांच महीनों में भी कोई कार्रवाई नहीं की है। जबकि सी.एस. कह चुके हैं कि डिस्कस के नाम पर किसी भी फाइल को नहीं रोका जाएगा। इसलिए अदालती आदेश की पालना करवाई जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# 'एक दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था में 90 प्रतिशत की वृद्धि हुयी'

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के मुकाबले दुनिया की अर्थव्यवस्था में 35 फीसदी का इजाफा ही हुआ है

- प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। पिछले एक दशक में भारत ने गरीबी कम करने में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में देश की उपलब्धियों को देखते हुए भारतीयों का आत्मविश्वास बढ़ा है। यह आत्मविश्वास भारत के विकास और सुधारों में एक नए विश्वास को दर्शाता है।

नयी दिल्ली 31 अगस्त (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पिछले एक दशक में देश की अर्थव्यवस्था में 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि इसके मुकाबले में दुनिया की अर्थव्यवस्था 35 फीसदी ही बढ़ी है।

मोदी ने दिल्ली में ई.टी. वर्ल्ड लीडर्स फोरम में भारत की आर्थिक प्रगति, गरीबी उन्मूलन और बुनियादी ढांचे के विकास पर रोशनी डालने के साथ ही पिछले एक दशक में भारत की प्रगति और लोगों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के बारे में बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। पिछले एक दशक में भारत ने गरीबी कम करने में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में भारत की अर्थव्यवस्था में 90 प्रतिशत से ज्यादा का इजाफा हुआ है जो लगातार विकास का नतीजा है जिसका वादा किया गया था। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विकास की यह रफ्तार भविष्य में भी जारी रहेगी। ये विकास सिर्फ वादा नहीं, बल्कि एक हकीकत है जो आगे भी बनी रहेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म का मंत्र सरकार के कामकाज का आधार रहा है। इस मंत्र के तहत कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। इससे भारतीयों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा हम भारतीयों के जीवन में एक बड़ा बदलाव लाने में कामयाब हुए हैं। इन सुधारों से देश में जीवन स्तर बेहतर हुआ है और प्रगति को गति मिली है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में देश की उपलब्धियों को देखते हुए भारतीयों का आत्मविश्वास बढ़ा है। यह आत्मविश्वास भारत के विकास और सुधारों में एक नए विश्वास को दर्शाता है। कई देशों में जहां सरकारों को चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, वहीं भारत की स्थिति अलग है। भारत के युवाओं और महिलाओं ने निरंतरता और राजनीतिक स्थिरता के लिए वोट दिया है, जो चल रही प्रगति और स्थिर सरकार के प्रति उनके समर्थन को दर्शाता है।

मोदी ने कहा कि भारत की उपलब्धियां अब वैश्विक सुर्खियां बन गई हैं। पिछले एक दशक में 25 करोड़ से ज़्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले हैं जिससे एक नए मध्यम वर्ग का उदय हुआ है। जहां एक तरफ गरीबों के पास अपनी आकांक्षाएं थीं, वहीं दूसरी तरफ उन्हें बैंक खाते और बुनियादी सुविधाओं जैसी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता था। उन्होंने सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए कहा, हमने गरीबों को सशक्त बनाने का रास्ता चुना और इसके चलते काफी बदलाव आया है।

मोदी ने कहा कि 100 दिनों से भी कम समय में सरकार ने गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों को लाभान्वित करने वाले महत्वपूर्ण सुधारों को लागू किया है।

इन सुधारों में उच्च उपज वाले बीजों को पेश करना और 11 लाख नई लखपति दीदी बनाना शामिल है।

## कमला हैरिस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

करना है। ट्रम्प का समर्थन उनके वोट बैंक में कायम है। उनके 64 प्रतिशत मतदाता उनकी नीतियों की वजह से उनके साथ हैं। आर्थिक प्रबंध के मुद्दे पर ट्रम्प को पसंद किया जा रहा है पर गर्भपात संबंधी नीति के मुद्दे पर हैरिस को समर्थन 31 प्रतिशत से बढ़कर 47 प्रतिशत हो गया है। वर्ष 2022 में आए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद यह महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है।

इस पोल में अमेरिका के 425 वयस्कों और 3562 रजिस्टर्ड वोटर्स ने भाग लिया था जो कि राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में भारी बदलाव है। निर्दलीय प्रत्याशी रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनिया ने 23 अगस्त को प्रचार समाप्त कर दिया था, उन्हें 6 प्रतिशत समर्थन मिला है।

## चेन्नई के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सीज किए गए इन ड्रग्स को मराईमलाई नगर पुलिस स्टेशन में रखा गया है। वहीं, तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एक छात्रा ने वाई-फाई तकनीशियन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। इसे लेकर सैकड़ों छात्रों ने शुक्रवार को धरना दिया। छात्रा के साथ यह घटना तब हुई, जब शहर के बाहरी इलाके थुवाकुडी में परिसर के अंदर महिला छात्रावास के कमरे में अकेली थी। छात्रों के अनुसार, कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर कार्यरत तकनीशियन की पहचान जी. कथिरेसन के रूप में हुई, जो गुरुवार सुबह वाई-फाई राउटर को ठीक करने के लिए पीड़िता के कमरे में गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, तकनीशियन ने कथित तौर पर छात्रा के सामने कुछ इशारे किए। जब इंजीनियरिंग स्टूडेंट ने हॉस्टल के अधिकारियों के पास शिकायत दर्ज कराई, तो महिला छात्रावास वार्डन की ओर से उस पर असंवेदनशील टिप्पणी की गई। महिला हॉस्टल वार्डन ने पीड़िता के पहनावे की भी आलोचना की, जिससे छात्रों में आक्रोश व्याप्त हो गया। छात्रा के माता-पिता ने तिरुवरम्बुर में ऑल विमेन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की, जिसके आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 332(3) और 75(1) के साथ-साथ तमिलनाडु महिला उत्पीड़न निषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत मामला दर्ज किया।

# अतिरिक्त महाधिवक्ता...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के अनुसार पद्मेश मिश्रा के पास वकालत करने का अधिक से अधिक पांच वर्ष का अनुभव है। याचिकाकर्ता के अनुसार राज्य सरकार ने वाद नीति में संशोधन केवल और केवल इसलिये किया है ताकि वह मनमाने तरीके से उपर वर्णित अधिवक्ता को अतिरिक्त महाधिवक्ता घोषित कर सके, जबकि क्लॉज़14.4' अभी भी लागू है।

याचिकाकर्ता का कहना है राज्य सरकार ने जो नया संशोधन लागू किया है उससे ऐसा लगता है कि क्लॉज़ 14.4 निष्प्रभावी हो गया है जबकि उसे संशोधन उसे हटाया नहीं गया है। याचिका में कहा गया है कि वाद नीति, 2018 से पूर्व वाद नीति,2011 लागू थी, जिसमें भी 10 वर्ष से कम अनुभव रखने वाले अधिवक्ता को भी अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद पर नियुक्त किया जा सकता था, परंतु 2018 में इस नीति में संशोधन किया गया कि अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद के लिये उम्मीदवार अधिवक्ता को हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिये।

याचिकाकर्ता का कहना है कि उपरोक्त वर्णित अधिवक्ता को 20 अगस्त को ही पैनल लॉयर नियुक्त किया गया था क्योंकि हो सकता है कि नियुक्ति के दिन तक उन्होंने पद को पाने के लिये आवश्यक पांच वर्ष का अनुभव अर्जित कर रखा था, परंतु हैरानी की बात है कि तीन दिन बाद ही कैबिनेट से मंजूरी प्राप्त करके वाद नीति में संशोधन किया गया और उसी दिन इन्हें अतिरिक्त महाधिवक्ता घोषित किया गया।

याचिकाकर्ता का कहना है कि यह पूरी प्रक्रिया मनमाने तरीके से अपनाई गई प्रक्रिया प्रतीत होती है क्योंकि संशोधन के बाद जोड़े गए 'क्लॉज़ 14.8' ऐसा कोई भी नियम नहीं दर्शाता, जिससे उम्मीदवार अधिवक्ता की वकालत के क्षेत्र में योग्यता निर्धारित की जा सके। याचिकाकर्ता का तो यह तक कहना है कि उपरोक्त वर्णित अतिरिक्त महाधिवक्ता को नियुक्त करने से पूर्व राज्य के महाधिवक्ता से ही सलाह नहीं ली गई थी, जो कि वाद नीति के 'क्लॉज़ 14.2' के अनुसार आवश्यक हैं। इसके अलावा वाद नीति के 'क्लॉज़ 14.5' और 'क्लॉज़ 14.7' में वर्णित छंटनी के लिये आवश्यक प्रक्रिया को दो दिन में पूरा नहीं किया जा सकता , इससे स्पष्ट होता है राज्य सरकार ने जल्दबाजी में यह नियुक्ति की है।

उन्होंने कहा कि सरकारी अधिवक्ता नियुक्त किए जाने की प्रक्रिया स्पष्ट और साफ होनी चाहिये, जो इस मामले में नहीं अपनाई गई है।

सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908